संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -130 सोमवार,13 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# हुबली में राहुल गांधी पर बरसे पीएम मोदी



### » बोले-लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण

**हुबली,12 मार्च 2023(ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया, जहां पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारत केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की जननी है। ये मेरा सौभाग्य रहा कि कुछ वर्ष पहले मुझे लंदन में भगवान बसवेश्वर की प्रतिमा के लोकर्पण का अवसर मिला, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में ही भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाने का काम किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

प्रधानमंत्री मोदी ने पुनर्विकसित होसपेट रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत कई नेतागण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार कर्नाटक के हर जिले, हर गांव, हर कस्बे के पूर्ण विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है। आज धारवाड़ की इस धरा पर विकास की एक नई धारा निकल रही है, जो हुबली-धारवाड़ के साथ पूरे कर्नाटक के भविष्य को सींचने का काम करेगी।

#### बड़ी तेजी से काम करती है सरकार

उन्होंने कहा कि आईआईटी धारवाड़ भाजपा के संकल्प से सिद्धि का एक उदाहरण है। करीब 4 साल पहले मैंने इस संस्थान की नींव रखी थी। कोरोना महामारी के बावजूद आईआईटी को एक भविष्यवादी संस्थान के रूप में खड़ा किया गया है। नींव से लेकर उद्घाटन तक हम बड़ी तेजी से काम करते हैं।

#### बढ़ रही है शिक्षण संस्थानों की संख्या

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अच्छी शिक्षा सबका अधिकार है। हमारे पास जितने बेहतर शिक्षा संस्थान होंगे, उतने ही अधिक लोगों की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा तक पहुंच होगी। पिछले 9 सालों में अच्छे शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ रही है।

#### तीन गुना बढ़ी एम्स की संख्या

उन्होंने कहा कि हमने एम्स की संख्या तीन गुना बढ़ा दी है। सात दशकों में देश में सिर्फ 380 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि पिछले 9 साल में 250 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने कनेक्टिविटी के मामले में आज एक और माइलस्टोन को छू लिया है। अब सिद्धरूधा स्वामीजी स्टेशन पर दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है। ये विस्तार है उस सोच का, जिसमें हम इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता देते हैं।

#### लोगों का जीवन बनाया आरामदायक

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 2014 तक बहुत से लोगों के पास पक्का घर नहीं था। शौचालय और अस्पतालों की कमी थी और इलाज महंगा था। हमने हर समस्या पर काम किया, लोगों का जीवन आरामदायक बनाया।

#### राहुल ने लंदन में क्या कहा था ?

आपको बता दें कि हाल ही में राहुल गांधी लंदन के दौरे पर गए थे। वहां पर उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, प्रवासी भारतीयों, सांसदों, मीडिया आदि के साथ कई कार्यक्रम किए। सब कार्यक्रमों में उन्होंने ये कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। वहां पर विपक्ष की आवाज दबाई जा रही। यहां तक कि संसद में विपक्ष के माइक बंद कर दिए जाते हैं।



## ईडी की पूछताछ के बाद कविता ने तेलंगाना के सीएम से क्यों की मुलाकात

**हैदराबाद,12 मार्च 2023(ए)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूछताछ किए जाने के बाद, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और तेलंगाना एमएलसी के. कविता दिल्ली से लौटीं और अपने पिता तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर)से मुलाकात की। शनिवार मध्यरात्रि 12.10 बजे एक विशेष विमान से तेलंगाना के मंत्रियों के.टी. रामा राव, हरीश राव और श्रीनिवास यादव के साथ हैदराबाद पहुंचीं कविता तेलंगाना के मुख्यमंत्री आवास प्रगति भवन के लिए रवाना हुईं।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि केसीआर को ईडी द्वारा दिल्ली में कविता से की गई पूछताछ के बारे में जानकारी दी गई।

दिल्ली शराब नीति घोटाले को लेकर ईडी ने शनिवार को कविता से नौ घंटे तक पूछताछ की थी।

ईडी ने उन्हें 16 मार्च को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है।

ईडी के अनुसार, कविता साउथ ग्रूप का एक हिस्सा है, जिसने कथित तौर पर दिल्ली आबकारी नीति में खामियों का फायदा उठाने के लिए रिश्वत दी गई।



## बिहार में माहौल हुई तनावपूर्ण

### » असामाजिक तत्वों ने 2 मंदिरों में लगाई आग

**पटना,12 मार्च 2023(ए)।** बिहार के किशनगंज से बड़ी खबर है। असामाजिक तत्वों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जिले में 2 मंदिरों में आग लगा दी गई है। घटना को लेकर काफी तनाव है। अहले सुबह से ही प्रशासन और पुलिस की टीम घटनास्थल पर कैंप कर रही है। घटना विरोध में आक्रोशित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक मस्तान चौक के पास स्थित दो मंदिरों में आग लगाई गई। घटना सुबह करीब 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई घटनास्थल पर जुटी भीड़ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। प्रशासन से जल्द से जल्द मंदिरों को ठीक कराने की मांग की जा रही है। घटना के विरोध में बहादुर गंज मुख्य सड़क को लोगों ने जाम कर दिया। इस मामले में प्रशासन खामोश है। अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

रविवार की सुबह किशनगंज बहादुरगंज रोड में मस्तान चौक के समीप धार्मिक स्थल को नुकसान पहुचाने की घटना की जानकारी मिलते लोग आकोशित हो गए। धार्मिक स्थल में आग लगने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकठ्ठा हो गए तथा विरोध में लोगो ने किशनगंज बहादुरगंज सड़क को जाम कर दिया।

# केंद्र ने किया समलैंगिक विवाह का विरोध

### » सुप्रीमकोर्ट में कहा- भारतीय लोकाचार के अनुरूप नहीं ऐसी शादियां

**नई दिल्ली,12 मार्च 2023(ए)।** केंद्र सरकार ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की दलीलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि पार्टनर के रूप में एक साथ रहना और समलैंगिक व्यक्तियों द्वारा यौन संबंध बनाना, जिसे अब अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है, भारतीय परिवार इकाई एक पति, एक पत्नी व उनसे पैदा हुए बच्चों के साथ तुलनीय नहीं है। केंद्र ने जोर देकर कहा कि समलैंगिक विवाह सामाजिक नैतिकता और भारतीय लोकाचार के अनुरूप नहीं है।

एक हलफनामे में, केंद्र सरकार ने कहा कि शादी की धारणा ही अनिवार्य रूप से विपरीत लिंग के दो व्यक्तियों के बीच एक संबंध को मानती है। यह परिभाषा सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी रूप से विवाह के विचार और अवधारणा में शामिल है और इसे न्यायिक व्याख्या से कमजोर नहीं किया जाना चाहिए।

हलफनामे में कहा गया है कि विवाह संस्था और परिवार भारत में महत्वपूर्ण सामाजिक संस्थाएं हैं, जो हमारे समाज के सदस्यों को सुरक्षा, समर्थन और सहयोग प्रदान करती हैं और बच्चों के पालन-पोषण और उनके मानसिक और मनोवैज्ञानिक पालन-पोषण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

केंद्र ने जोर देकर कहा कि याचिकाकर्ता देश के कानूनों के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते हैं।

हलफनामे में कहा गया है कि सामाजिक नैतिकता के विचार विधायिका की वैधता पर विचार करने के लिए प्रासंगिक हैं और आगे, यह विधायिका के लिए है कि वह भारतीय लोकाचार के आधार पर ऐसी सामाजिक नैतिकता और सार्वजनिक स्वीकृति का न्याय करे और उसे लागू करे।केंद्र ने कहा कि एक जैविक पुरुष और एक जैविक महिला के बीच विवाह या तो व्यक्तिगत कानूनों या संहिताबद्ध कानूनों के तहत होता है,



जैसे कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955, ईसाई विवाह अधिनियम, 1872, पारसी विवाह और तलाक अधिनियम, 1936 या विशेष विवाह अधिनियम, 1954 या विदेशी विवाह अधिनियम, 1969।यह प्रस्तुत किया गया है कि भारतीय वैधानिक और व्यक्तिगत कानून शासन में विवाह की विधायी समझ बहुत विशिष्ट है। केवल एक जैविक पुरुष और एक जैविक महिला के बीच विवाह, यह कहा।

इसमें कहा गया है कि विवाह में शामिल होने वाले पक्ष एक ऐसी संस्था का निर्माण करते हैं, जिसका अपना सार्वजनिक महत्व होता है, क्योंकि यह एक सामाजिक संस्था है, जिससे कई अधिकार और दायित्व प्रवाहित होते हैं।

हलफनामे में कहा गया है, शादी के अनुष्ठान/पंजीकरण के लिए घोषणा की मांग करना साधारण कानूनी मान्यता की तुलना में अधिक प्रभावी है। पारिवारिक मुद्दे समान लिंग से संबंधित व्यक्तियों के बीच विवाह की मान्यता और पंजीकरण से परे हैं।

केंद्र की प्रतिक्रिया हिंदू विवाह अधिनियम, विदेशी विवाह अधिनियम और विशेष विवाह अधिनियम और अन्य विवाह कानूनों के कुछ प्रावधानों को इस आधार पर असंवैधानिक बताते हुए चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आई कि वे समान लिंग वाले जोड़ों को विवाह करने से वंचित करते हैं।

केंद्र ने कहा कि हिंदुओं के बीच, यह एक संस्कार है, एक पुरुष और एक महिला के बीच पारस्परिक कर्तव्यों के प्रदर्शन के लिए एक पवित्र मिलन और मुसलमानों में, यह एक अनुबंध है, लेकिन फिर से केवल एक जैविक पुरुष और एक जैविक महिला के बीच ही परिकल्पित किया जाता है। इसलिए, धार्मिक और सामाजिक मानदंडों में गहराई से निहित देश की संपूर्ण विधायी नीति को बदलने के लिए शीर्ष अदालत की रिट के लिए प्रार्थना करने की अनुमति नहीं होगी।

## किसान से नक्शा पास कराने के एवज में महिला पटवारी ले रही थी रिश्वत

**लोकायुक्त पुलिस ने छापेमारी कर किसान से घूस लेते महिला पटवारी को गिरफ्तार किया**

**जबलपुर,12 मार्च 2023(ए)।** घूसखोरी में महिला अधिकारी भी पीछे नहीं है। जबलपुर में एक महिला पटवारी को 12 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया है। लोकायुक्त पुलिस ने छापेमारी कर एक किसान से घूस लेते महिला पटवारी को गिरफ्तार किया है। महिला ने चालाकी दिखाते हुए खुद रुपए नहीं लिए थे, लेकिन वह लोकायुक्त टीम से खुद को ज्यादा देर तक बचा पाने में नाकामयाब रही। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

महिला पटवारी ने किसान राजेंद्र श्रीपाल से तहसीलदार से नक्शा पास करवाने के लिए 15000 की रिश्वत की डिमांड की थी। पटवारी ममता मोटवानी ने आवेदक से कहा था कि नक्शा पास करवाने के लिए तहसीलदार को भी पैसे देने होंगे। इसके बाद आवेदक राजेंद्र श्रीपाल ने लोकायुक्त पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस लोकायुक्त पुलिस ने बातचीत रिकॉर्ड करने के लिए राजेंद्र श्रीपाल को



दोबारा पटवारी के पास भेजा और उनके बीच 12000 रुपए में सौदा तय हुआ।

जबलपुर जिले के बरेला उप तहसील में पदस्थ महिला पटवारी ममता मोटवानी को लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला पटवारी ने एक किसान से खेत का नक्शा पास करवाने की एवज में 12 हजार रुपयों की रिश्वत मांगी थी। जानकारी के मुताबिक किसान राजेंद्र श्रीपाल का बरेला मेन रोड पर 1 एकड़ का खेत है, जो रिंग रोड के दायरे में आ रहा है। इस खेत का सीमांकन करवाने के लिए राजेंद्र श्रीपाल ने उप तहसील में आवेदन दिया था। इसका सीमांकन भी हो चुका है, नक्शा भी बन चुका है, लेकिन पटवारी ने तहसीलदार से नक्शा पास करवाने की एवज रिश्वत की मांग की थी।



## एयर इंडिया फोर्स के एमआई17 हेलीकॉप्टर को जोधपुर में अचानक उतारा गया

### » गांव में हुई एहतियातन लैंडिंग

**जोधपुर ,12 मार्च 2023(ए)।** एयर इंडिया फोर्स के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने राजस्थान के जोधपुर के पास पीलवा गांव में एहतियातन लैंडिंग कराई गई। अचानक लैंडिंग के कारण इंडियन एयरफोर्स के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर की जांच की। भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि बाद में हेलीकॉप्टर ने दोबारा सुरक्षित उड़ान भरी और अब यह फलोदी हवाई अड्डे पर पहुंच गया है।

#### हफ्ते में दूसरी बार अचानक हुई लैंडिंग

गौरतलब है कि एक हफ्ते से भी कम समय में रक्षा बलों के हेलीकॉप्टर की प्रीकॉशनरी लैंडिंग का यह दूसरा मामला है। इससे पहले बुधवार को, भारतीय नौसेना के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) ने मुंबई तट पर एक नियमित सॉर्टी पर बुधवार को अचानक बिजली की कमी और तेजी से ऊंचाई कम होने के बाद आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी।

भारतीय नौसेना के अनुसार, पायलट ने नियंत्रित डिच (पानी पर आपातकालीन लैंडिंग) को अंजाम दिया। तत्काल खोज और बचाव कार्य शुरू हुआ, जिससे नोवल पोर्टल क्राफ्ट हेलीकॉप्टर पर सवार चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचाने में सफल रहा।


## शार्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

### दंपती और 3 बच्चे जिंदा जले

**कानपुर,12 मार्च 2023(ए)।** कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के हारामऊ गांव में बंजारा बस्ती में बड़ा हादसा हो गया। यहां बीती रात एक झोपड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में दंपती और उनके तीन मासूम बच्चों की जिंदा जलने से मौत हो गई। आगे में दंपती की मां भी झुलस गई। घटनास्थल का डीएम और एसपी ने जायजा लिया।

डीएम ने मृतक परिवार को दैवीय आपदा के तहत मदद दिलवाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, रूरा के हारामऊ बंजारन डेरा निवासी मजदूर सतीश (25) के परिवार में पत्नी काजल (22), बेटा सन्नी (7), संदीप (4) और बेटी गुड़िया (2) और मां रामश्री (49) है।

पूरा परिवार झोपड़ी में रह रहा था। शनिवार रात दो बजे मां रामश्री झोपड़ी के बाहर सो रही थी। जबकि सतीश अपने परिवार के साथ झोपड़ी के अंदर सो रहा था। इस दौरान शॉर्ट सर्किट से



झोपड़ी के अंदर आग लग गई।

देखते-देखते झोपड़ी आग का गोला बन गई। झोपड़ी के अंदर सो रहे दंपती और तीनों बच्चे जिंदा जल गए। सूचना के आधे घंटे बाद पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने एक के बाद एक शवों को झोपड़ी से बाहर निकाला।

वहीं आग में परिवार को जलता देख रामश्री ने भी आग में कूदकर बचाने का प्रयास किया। इस दौरान वह भी बुरी तरह से झुलस गई। सूचना पर डीएम नेहा जैन, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्चायड पहुंच गए। सभी शव को लोडर से जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

साथ ही झुलसी बुजुर्ग का इलाज भी जिला अस्पताल में चल रहा है। डीएम नेहा जैन ने बताया कि झोपड़ी में आग लगने से दंपती और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई थी। झुलसी बुजुर्ग का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## मंदिरों पर हमला करने वाले हमारे कानून की ताकत देखेंगे

### » ऑस्ट्रेलियाई पीएम का प्रधानमंत्री मोदी को आश्वासन

**नई दिल्ली,12 मार्च 2023(ए)।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों को लेकर प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस ने बड़ा बयान दिया है। अल्बानीस ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया है कि ऑस्ट्रेलिया धार्मिक स्थलों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दो टूक कहा कि इस तरह की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार किसी भी शख्स को 'कानून की पूरी ताकत' का सामना करना पड़ेगा। अल्बानीस का यह बयान उस समय आया है, जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने उनके समक्ष ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हो रहे हमलों का मामला उठाया था।

अल्बानीस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा देश है जो लोगों की आस्था का सम्मान करता है और वह धार्मिक इमारतों पर किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा, चाहे वे हिंदू मंदिर हों, मस्जिद हों या चर्च हों। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के



बीच हुए एक त्रिपक्षीय सुरक्षा व्यवस्था ऑकस (्चस्) की जानकारी दी। सितंबर 2021 में हुए इस समझौते के तहत, परमाणु ताकत से लैस पनडुब्बियों का बेड़ा तैयार किया जाएगा जो ऑस्ट्रेलिया के तटीय इलाकों की सुरक्षा और निगरानी करेंगी।अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा समाप्त करने से पहले, अल्बानीस ने ऑस्ट्रेलियाई पत्रकारों के एक समूह से कहा कि देश की सुरक्षा एजेंसियां यह सुनिश्चित करेंगी कि धार्मिक इमारतों पर हमले के जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि मैंने पीएम मोदी को आश्वासन दिया है कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा देश है जो लोगों की आस्था का सम्मान करता है। हम धार्मिक इमारतों पर इस तरह के चरमपंथी हरकतों और हमलों को बर्दाश्त नहीं करते हैं, चाहे वे हिंदू मंदिर हों या मस्जिद हों या फिर चर्च। ऑस्ट्रेलिया में इस तरह की हरकतों के लिए कोई जगह नहीं है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पुलिस और हमारी सुरक्षा एजेंसियों के माध्यम से हरसंभव कार्रवाई करेंगे। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को नहीं बख्शा जाएगा। हम एक सहिष्णु बहुसांस्कृतिक राष्ट्र हैं।

# सतीश कौशिक की मौत के केस में नया ट्विस्ट

### » फार्महाउस मालिक की पत्नी ने दी अपने पति के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली,12 मार्च 2023(ए)।** दिवंगत एक्टर-डायरेक्टर सतीश कौशिक की मौत केस में नया ट्विस्ट आ गया है। सतीश ने होली के दिन कुबेर ग्रुप के विकास मालू के फार्महाउस पर पार्टी की थी। जहां सतीश की मौत हुई थी। अब विकास मालू की पत्नी ने आरोप लगाए हैं कि सतीश की मौत में उनके पति का हाथ है। विकास की पत्नी सान्वी मालू ने इस मामले में दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है।

विकास मालू का हाथ होने का जताया शक

विकास मालू की पत्नी सान्वी मालू ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर सतीश कौशिक की मौत में अपने पति विकास मालू का हाथ होने का शक जताया है। सान्वी ने पत्र में



बताया है कि एक बार विकास का सतीश से 15 करोड़ रुपए के लेन देन पर झगड़ा हो गया था। उसने बताया कि सतीश और विकास पुराने दोस्त हैं। एक बार विदेश में सतीश विकास से अपने 15 करोड़ रुपये लेने आए थे, जिसको लेकर दोनों की बहस भी हुई थी। उस समय विकास ने ये कहकर सतीश को टाल दिया था कि वो पैसे बाद में दे देगा। सान्वी मालू ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में सतीश की मौत में पति की साजिश का शक जताया है। उन्होंने लिखा है कि हो सकता है विकास ने ही सतीश को गलत दवाई खिला दी हो ताकि पैसे ना देने पड़े। इसको लेकर उन्होंने जांच की मांग की है।

#### विकास मालू और सतीश कौशिक पुराने दोस्त

विकास मालू और सतीश कौशिक की दोस्ती काफी पुरानी बताई जाती है। विकास मालू कुबेर ग्रुप कंपनी के मालिक है और एक बड़े बिजनेसमैन हैं। इसी दोस्ती के चलते होली की पार्टी अटैंड करने सतीश कौशिक स्पेशियली मुंबई से गुरुग्राम आए थे। उस होली की पार्टी में कई बिजनेसमैन भी शामिल हुए थे। इस पार्टी में सतीश की तबीयत खराब हुई थी और सतीश कौशिक का निधन 9 मार्च को कार्डियक अरेस्ट से हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 10 मार्च को मुंबई में किया गया, जहां उनके अजीज दोस्त अनुपम खेर सहित फिल्मी हस्तियां शामिल हुई थी।

CMYK

# संपादकीय

## चेतावनी में दम है

जब कुछ तबकों को छोड़ कर बाकी लोगों की वास्तविक आय घटेगी, तो जाहिर है वे उपभोग में कटौती करेंगे। सरकार ने अर्थव्यवस्था के इस पक्ष में सुधार लाने की तनिक भी जरूरत नहीं समझी है।

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने आगाह किया है कि भारत के फिर से 'हिंदू रेट और ग्रोथ' में फंस जाने का अंदेशा है। हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ शब्द 1960-70 के दशकों में बहुत प्रचलित था, जब भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आम तौर पर चार प्रतिशत के आसपास रहती थी। अब एक बार फिर से वह कहानी लौटने का अंदेशा पैदा हुआ है, तो जाहिर है, यह गहरी चिंता की बात है। राजन ने अपनी आशंका के कारण भी बताए हैं। उनमें पहला यह है कि देश में निजी निवेश की दर लगातार कम बनी हुई है। इस तथ्य की ओर पहली बार ध्यान नहीं खींचा गया है। कुछ समय पहले खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन उद्योगपतियों की बैठक में निवेश ना करने के लिए उन्हें फटकार लगा चुकी हैं। समझा यह जाता है कि आर्थिक मुश्किलों के समय में अगर सरकार अपना निवेश बढ़ाती है, तो उससे बनी परिस्थितियों में निजी क्षेत्र निवेश करने के लिए उत्साहित होता है। लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं हुआ है।

निजी क्षेत्र की दलील रही है कि देश में उपभोग घट जाने के कारण मांग नहीं है, ऐसे में वह अपनी पहले से निर्मित क्षमता के मुताबिक ही उत्पादन नहीं कर रहा है। तो ऐसे में नए निवेश की गुंजाइश कहां है? रघुराम राजन ने कहा है कि इसके अलावा ब्याज दर के लगातार ऊंचा होते जाने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंदी जैसे हालात के कारण भी भारत में निवेश की स्थितियां सुधरने की संभावना फिलहाल नहीं है। दरअसल, उपभोग घटने का एक कारण रोजगार और कारोबार में गिरावट है, तो दूसरी वजह मंहगाई और ऊंची ब्याज दर है। जब कुछ तबकों को छोड़ कर बाकी लोगों की वास्तविक आय घटेगी, तो जाहिर है वे उपभोग में कटौती करेंगे। सरकार ने अर्थव्यवस्था के इस पक्ष में सुधार लाने की तनिक भी जरूरत नहीं समझी है। नतीजा है कि धीरे-धीरे सकल भारतीय अर्थव्यवस्था एक दुश्चक्र में फंसती चली जा रही है। बहरहाल, चूंकि सत्ता पक्ष ने रघुराम राजन की छवि कांग्रेस समर्थक की बना रखी है, इसलिए उनकी बात पर सरकार ध्यान देगी, इसकी उम्मीद कम ही है।

## अंगूर का गुच्छा दर्शाता है हमारे एकजुटता का मूल्य



हमारे जीवन में एकजुटता का जो महत्व है उसे हमें अंगूर के गुच्छे से सीखनी चाहिए । हम सभी ने अक्सर देखा है कि फल विक्रेता के पास दो किस्म के अंगूर विक्रय के लिए पाए जाते हैं, एक गुच्छे वाला और दूसरा गुच्छे से अलग हुए वाला अंगूर । जिसमें गुच्छे वाले अंगूर की कीमत निश्चित रूप से ही अधिक और गुच्छे से अलग हुए वाले अंगूर की कीमत बहुत ही कम होती है। और सीखने वाली बात ये और अधिक है कि गुच्छे वाला अंगूर अधिक कीमत होने के बावजूद भी सबसे ज्यादा खरीदा जाता है । क्योंकि गुच्छे में ही इसका आकर्षण एवं महत्व है । जो की ये हमें भी पता होता है कि अंगूर के जीवन का आकर्षण गुच्छे में अधिक है, इससे अलग होते ही इसका आकर्षण एवं जीवन की महत्ता शीघ्र ही धूमिल हो जाएगी ।ठीक इसी तरह हमारा मानव जीवन है । हमारे इर्द- गिर्द जो भी संबंध रूपी अंगूर के गुच्छे हैं, उनका मूल्य और महत्व अंगूर के गुच्छे की भांति है । जो कि एकजुटता के महत्व को दर्शाता है, जिसमें हम एकजुट होकर ही अपने जीवन मूल्यों को बढ़ा सकते हैं । क्योंकि एकाकी व्यक्तित्व का आकर्षण अधिक दिन तक नहीं रहता है, हम शीघ्र ही गुच्छे से अलग हुए अंगूर की भांति अपने जीवन मूल्यों को खोते चले जाते हैं ।

हमारे जीवन का जो सौंदर्य है वो संबंधों के एकजुटता रूपी गुच्छे में है, इसीलिए एकजुटता की महत्ता व मूल्यों को बनाए रखने के लिए सामंजस्य बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है । इस पर मेरी कुछ पंक्तियां भी अपने भाव प्रकट करती हैं कि -

मतभेद नहीं हो रिश्तों में
सामंजस्य हमेशा बना रहे
ना तुम रूठो ना मैं रूठूँ
ये प्यार हमेशा बना रहे..।।
ये साथ मधुर संबंधों का
जीवन भर मधुर बनाएंगे
है सुखद भाव अंतर्मन में
ये साथ हमेशा बना रहे..।।
जीवन बगिया में पुष्प खिलें
भौरों का मदमस्त समर्पण हो
जो भी है अर्पण कर दूं मैं
ये भाव हमेशा बना रहे..।।÷

मेरी उपर्युक्त पंक्तियां भी ये दर्शाती हैं कि किस तरह के भावों के साथ हम अपने जीवन को मधुर एवं मूल्यवान बना सकते हैं । तो आइए हम अपने जीवन को एकजुटता की लड़ी में पिरोकर, अपने संबंधों को अंगूर के गुच्छे का स्वरूप देकर, अपने जीवन को मूल्यवान बनाते हैं ।



**विजय कनौजिया**
अम्बेडकर नगर
उत्तर प्रदेश

# भारत का ऑपरेशन दोस्त दिल और मन,दोनों जीत रहा है

रिक्टर पैमाने पर 7.8 और 7.5 की तीव्रता वाले दो बड़े भूकंपों ने दक्षिणी तुर्की और उत्तरी सीरिया को गंभीर रूप से प्रभावित किया। ऐसा प्रतीत होता है कि अरब टेक्टोनिक प्लेट, अनातोलियन प्लेट के साथ घर्षण करते हुए उत्तर की ओर बढ़ गई है। पहला भूकंप, 6 फरवरी को स्थानीय समय के अनुसार 04:17 बजे (6:47 पूर्वाह्न, आईएसटी) गजियांटेप शहर के पास आया। दूसरा भूकंप पहले भूकंप के तीव्र झटके से शुरू हुआ और यह 12 घंटे के बाद आया, जिसका केंद्र कहरामनमारस के एलबिस्तान जिले के उत्तर में स्थित था। भूकंपों ने हजारों लोगों की जान ले ली और बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। कई दिनों के बाद भी पूरे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए जाते रहे।

भारत के मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशन का कोड नाम, ऑपरेशन दोस्त (तुर्किये) था, जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के खोज व बचाव दल और भारत की 50 इंडिपेंडेंट पैराशूट ब्रिगेड के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल शामिल थे। 60 पैराशूट फील्ड (जिसे पहले एम्बुलेंस कहा जाता था) ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 1950-53 के कोरियाई युद्ध में बहुत ख्याति अर्जित की थी।

भारत की अंतर्राष्ट्रीय संकट प्रबंधन संरचना ने बहुत तेजी से काम किया, क्योंकि भूकंप के कुछ घंटों के भीतर, सेना मुख्यालय से 60 पैरा फील्ड अस्पताल को 11 पूर्वाह्न आईएसटी तक मिशन के लिए तैयार होने के आदेश प्राप्त हुए। 60 पैरा फील्ड अस्पताल ने तत्परता से जवाब दिया - चिकित्सा विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मैक्सिलोफेशियल सर्जन, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिक्स और एनडीआरएफ टीमों के 99 कर्मियों सहित चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और आपदा राहत उपकरणों को भारतीय वायु सेना द्वारा हिंडन एयरबेस से हवाई मार्ग से पहुंचाया गया। 8 फरवरी को तुर्किये पहुंचने के तीन घंटे के भीतर, हटे के इस्केंडरन में फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया, जो तुर्किये में सबसे गंभीर रूप से प्रभावित प्रांतों में से एक था और एनडीआरएफ की टीमों ने गाजियांटेप में जमीनी स्तर पर बचाव व राहत अभियान शुरू किए।

लोकप्रिय रूप से इंडिस्तानी सहारा हस्तनेसी कहे जाने वाले भारतीय फील्ड अस्पताल ने 12 दिनों की अवधि में 3604 घायलों का इलाज किया, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल की, फ्रैक्चर ठीक किया, दंत चिकित्सा की




तथा बड़े ऑपरेशन किए। 100 से अधिक घायलों को भर्ती किए जाने की आवश्यकता थी। चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपकरणों की त्वरित पुनःपूर्ति के साथ, भारत से आ रहे आर्थोपेडिक उपकरणों के साथ गति को बनाए रखा गया।

संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ-साथ देश के अशांत क्षेत्रों में जन-केंद्रित अभियानों का संचालन करने के भारतीय सेना के वर्षों के अनुभव ने निश्चित रूप से मदद की। संयुक्त राष्ट्र मिशन के हिस्से के रूप में, युद्धग्रस्त अंगोला, कांगो, रवांडा, दक्षिण सूडान और अन्य में भारतीय सेना के अभियान तथा उग्रवाद और आतंकवाद विरोधी अभियानों के तहत अनिवार्य रूप से नागरिक केन्द्रित कार्रवाई की गई थी। तुर्किये में भाषा की बाधा को स्थानीय स्वयंसेवकों को राहत प्रयासों में शामिल करके दूर किया गया, जिनसे बातों की व्याख्या करने और रोगियों एवं फार्मेसियों के प्रबंधन में आसानी हुई।

तुर्किये के लोगों ने आपदा राहत दलों को दिल छू लेने वाली विदाई दी। एक तुर्की स्वयंसेवक उल्स के परिवार का एक संदेश बहुत कुछ बयां करता है, आप 99 चिकित्साकर्मियों की टीम के रूप में पहुंचे थे, लेकिन जब आप भारत वापस जा रहे हैं, तो आपके पास पूरे तुर्किये का आशीर्वाद है। तुर्किये की एडा इस्केंड्रम ने एक ट्वीट के रूप में आभार व्यक्त किया, जो सैनिक-चिकित्सकों के प्रति लोकप्रिय भावना को व्यक्त करती है, आप सभी हमारे नायक हैं। हम उन दिनों में एक-दूसरे को देखेंगे, जब हम रो नहीं रहे होंगे [यानि, खुशी के समय में]। मैं भारत आऊंगी, लेकिन हम आपको भविष्य में हटे में फिर से देखना चाहेंगे। हम आप लोगों से प्यार करते हैं। तुर्की के एक मेडिकल छात्र ने सी17 से वापस भारत आने वाले एक चिकित्सा अधिकारी को विदाई संदेश भेजा, आपको याद रखना चाहिए कि आपका एक घर तुर्किये में भी है और आपका एक भाई भी है, जो आपकी मेजबानी करने के लिए आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

यहां तक कि 60 पैरा फील्ड अस्पताल और एनडीआरएफ की टीमों ने क्षेत्र के लोगों का दिल और मन, दोनों जीत लिया। वैश्विक स्तर पर भी, भारत की मानवीय सहायता तीन बातों में अलग रही; पहला, संकट की स्थिति में तेजी से निर्णय लेना और तेजी से कार्यान्वयन; दूसरा, हमारे सैन्य बलों की कठिनतम परिस्थितियों के लिए अनुकूल होने और पीड़ितों के साथ सहानुभूति रखने की सराहनीय क्षमता और तीसरा, मानवीय मूल्यों व सिद्धांतों को किसी भी अन्य विचार से ऊपर रखना।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (एचएडीआर) में सबसे आगे रहने के लिए बहुपक्षवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का एक और व्यावहारिक प्रदर्शन था - ऑपरेशन दोस्त। कोविड महामारी के दौरान भारत के प्रयास जगजाहिर हैं; इसने अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा राहत प्रदान की; विदेशी नागरिकों के प्रत्यावर्तन की सुविधा दी और कई देशों को टीकों का निर्यात किया। भारत 2016 से बिम्सटेक देशों के बीच एचएडीआर में सहयोग के लिए सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। सितंबर 2022 में, क्वाड समूह के चार देशों- भारत, यू.एस., ऑस्ट्रेलिया और जापान ने एचएडीआर साझेदारी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नवंबर 2022 में, भारत ने आगरा में एक बहु-राष्ट्रीय, बहु-एजेंसी एचएडीआर अभ्यास समन्वय 2022 की मेजबानी की, जिसमें आसियान देश शामिल थे।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा व्यक्त किए गए जी-20 मंत्र, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना के अनुरूप भारत दुनिया भर में आपदाओं के पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़े होकर आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है।

**डॉ. सुब्रत साहा**
**लेफ्टिनेंट जनरल**

# सुख-सुविधा का पागलपन रौंद रहा मनुष्यता

आज के भागदौड़ भरे जीवन में अच्छे जीवन की एक संकीर्ण धारणा पर ध्यान केंद्रित करने से विभिन्न नैतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। नैतिक मूल्यों के संकट का समाधान करने के लिए अच्छे जीवन की समग्र दृष्टि को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जीवन का सही अर्थ खोजने के लिए, बुद्ध ने अपना घर और धन छोड़ दिया। राजा हरिश्चंद्र, महात्मा गांधी और डॉ. कलाम के जीवन से कोई भी व्यक्ति सच्चाई, धार्मिकता, ईमानदारी और करुणा के मूल्यों को सीख सकता है। नैतिक मूल्यों के व्यापक आयामों पर जोर देने से, विशेष रूप से व्यक्तियों और समग्र रूप से समाज के दीर्घकालिक कल्याण को सुनिश्चित किया जा सकता है।

नैतिक मूल्य एक व्यक्ति के भीतर स्थायी विश्वास और विचार हैं और अच्छे या बुरे के लिए प्राथमिकता को दर्शाते हैं। आधुनिक समय में कई समाजों ने मानव जीवन के प्राथमिक लक्ष्य के रूप में भौतिक संपदा, शक्ति और स्थिति के संचय पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है। इसने एक अच्छे जीवन की एक संकीर्ण परिभाषा को जन्म दिया है, जहाँ सफलता को दूसरों की कीमत पर अक्सर भौतिक संपत्ति जमा करने की क्षमता से मापा जाता है। अच्छे जीवन की एक संकीर्ण धारणा, नैतिक मूल्यों के संकट की ओर ले जा रही है। जैसे भ्रष्टाचार का मुद्दा अच्छे जीवन की संकीर्ण धारणा से पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व और ईमानदारी जैसे मूल्यों का ह्रास होता है। इससे जनहित के स्थान पर निजी स्वार्थों को बढ़ावा मिला है। जलवायु परिवर्तन वर्षों से कभी न खत्म होने वाली मानव मांगों की पूर्ति ने ग्रह के संसाधनों पर जबरदस्त दबाव डाला है। ग्रह एक अभूतपूर्व दर से गर्म हो रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, और वन्य जीवन गायब हो रहा है। ये सभी आपदाएं अति-भौतिकवाद की आसक्ति से उत्पन्न हुई हैं।

उदाहरण के लिए, जोशीमठ में संकट पारिस्थितिकी या पारिस्थितिकी तंत्र पर अर्थशास्त्र को चुनने का परिणाम है। अक्सर यह कहा जाता है कि ÷असीमित शक्ति उन लोगों के दिमाग को भ्रष्ट करने के लिए उपयुक्त होती है जिनके पास यह होता है÷। एक हालिया उदाहरण एक सिविल सेवक का है, जिसने खेल स्टेडियम को कुत्तों के टहलाने के लिए खाली करा दिया और वहाँ से एथलीटों को जाने के लिए कहा गया। आज किसी से यह पूछा जाए कि आपका लक्ष्य क्या है तो वह यही कहता है कि पैसा। उसको पाने के लिए कुछ भी कर गुजरने की ललक उनमें है। चाहे वह गलत रास्ते अपनाकर ही क्यों न पूरी करनी पड़े। न जाने कितने ही ऐसे उदाहरण देखने को मिल जाएंगे जो यह दर्शाते हैं कि युवा वर्ग खुद में नैतिक मूल्यों को कितना गिरा चुके हैं। दुख तो इस बात पर होता है कि शिष्टाचार, संस्कार व नैतिकता की उन्हें पहचान ही नहीं और न ही वह इसको मानने को तैयार हैं। आज की युवा पीढ़ी तो पागल हाथी की तरह नैतिकता व संस्कारों को भुलाकर अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को रौंदते हुए चली जा रही है। वह इस बात से बेखबर हैं कि जब भी जमीन पर गिरेंगे तो क्या हाल होगा। यह सिर्फ नैतिक मूल्यों की कमी के कारण ही हो रहा है।

जिस महान धरा पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व अर्जुन जैसे महान विभूतियों का जन्म हुआ है। आज उसी धरा से शिष्टाचार, नैतिकता व संस्कार खोते जा रहे हैं। संस्कार हमें सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। जब हम अपने आदर्श, संस्कार व उद्देश्य भूल जाते हैं तो असफलताएं ही हाथ लगती हैं। कड़वा सच यह है कि आज के युवाओं को संस्कार, आदर्श व सिद्धांत का पता ही नहीं है। अगर ईमानदारी से सोचें तो अनैतिकता व अशिष्टता को फैलाने वाले कोई और नहीं अपितु हम ही हैं। उनको सहेजने के लिए भी हमें ही कदम उठाने होंगे। अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा दें। बच्चा कोरे कागज की तरह होता है उस कोरे कागज पर संस्कारों, नैतिक मूल्यों व शिष्टाचार की तहरीर लिखना हमारा फर्ज है। अभी तक भी समय है और आज से ही हमें शपथ लेनी होगी कि युवाओं पर दोष मढ़ने के बजाय बच्चों को संस्कार, नैतिक मूल्य व शिष्टाचार को सिखाएं। साधन के बजाय साध्य पर ध्यान देने से आज धन, आधुनिक विलासिता और कामुक सुख पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

इन साधनों को प्राप्त करने के लिए यथोचित माध्यम को महत्व नहीं दिया जाता है, जिससे नैतिक मूल्यों की उपेक्षा की जाती है। इससे क्रोनी कैपिटलिज्म, घोटाले, अपराध और समाज में बढ़ती असमानता बढ़ती है। गांधीवादी सिद्धांतों के खिलाफ होने से अच्छे जीवन की संकीर्ण धारणा, गांधीवादी 7 सामाजिक पापों की ओर ले जा रही है, जो समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। उदाहरण के लिए, काला धन और कर चोरी- 'बिना काम के धन' का परिणाम है, इसी प्रकार हिरोशिमा और नागासाकी में बमबारी- 'मानवता के बिना विज्ञान' को दर्शाता है। असंतोष, अलगाव, उपद्रव, आंदोलन, असमानता, असामंजस्य, अराजकता, आदर्श विहीनता, अन्याय, अत्याचार, अपमान, असफलता अवसाद, अस्थिरता, अनिश्चितता, संघर्ष, हिंसाZ यही सब घेरे हुए है, आज हमारे जीवन को। व्यक्ति में एवं समाज में साम्प्रदायिकता, जातीयता, भाषावाद, क्षेत्रीयतावाद, हिंसा की संकीर्ण कुत्सित भावनाओं व समस्याओं के मूल में उत्तरदायी कारण है।

यदि बच्चों के परिवेश में नैतिकता के तत्व पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं तो परिवेश में जिन तत्वों की प्रधानता होगी वे जीवन का अंश बन जायेंगे।इसीलिए कहा जाता है कि मूल्य पढ़ने नहीं जाते, अधिग्रहित किये जाते हैं। नैतिक मूल्यों के संकट का समाधान करने के लिए अच्छे जीवन की समग्र दृष्टि को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जीवन का सही अर्थ खोजने के लिए, बुद्ध ने अपना घर और धन छोड़ दिया। राजा हरिश्चंद्र, महात्मा गांधी और डॉ. कलाम के जीवन से कोई भी व्यक्ति सच्चाई, धार्मिकता, ईमानदारी और करुणा के मूल्यों को सीख सकता है। नैतिक मूल्यों के व्यापक आयामों पर जोर देने से, विशेष रूप से व्यक्तियों और समग्र रूप से समाज के दीर्घकालिक कल्याण को सुनिश्चित किया जा सकता है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ,**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,

# भारत में नदियों की दयनीय हालत



भारत कई नदियों की भूमि है, लेकिन उनमें से अधिकांश की स्थिति निराशाजनक है। विभिन्न मानवजनित गतिविधियों जैसे अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू सीवेज, कृषि अपवाह और ठोस कचरे के डंपिंग जैसे विभिन्न मानवजनित गतिविधियों के कारण नदियाँ भारी प्रदूषित हैं। प्रदूषण का स्तर इतना अधिक है कि कई नदियों का पानी मानव उपभोग के लिए या स्नान के लिए भी फिट नहीं है।

गंगा, जिसे भारत में सबसे पवित्र नदी माना जाता है, दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है। अनुपचारित सीवेज, औद्योगिक कचरे और धार्मिक प्रसाद के निर्वहन ने पानी की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। यमुना, जो गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है, भी भारी प्रदूषित है। पानी में भंग ऑक्सीजन का स्तर बहुत कम है, जो उच्च प्रदूषण स्तर का एक स्पष्ट संकेत है।

गोदावरी, जो भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी है, को भी प्रदूषण की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्टों और कृषि अपवाह के निर्वहन के कारण नदी प्रदूषित है। कृष्णा नदी, जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लोगों के लिए पीने के पानी और सिंचाई का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, औद्योगिक कचरे और घरेलू सीवेज के निर्वहन के कारण भी प्रदूषित है। भारत में नदियों की स्थिति गंभीर चिंता का विषय है, और प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उद्योग और नगरपालिका नदियों में निर्वहन करने से पहले अपने अपशिष्ट जल का इलाज करें। जनता को जल प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों और जल संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक करने की आवश्यकता है। जब तक तत्काल कदम उठाए जाते हैं, तब तक आने वाले वर्षों में स्थिति खराब होने की संभावना है, और इसके लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



**प्रदीप चौहान**
ओखला फेस-2,
नई दिल्ली

# राज व्यवस्था में भ्रष्टाचार

भारतीय शासन व्यवस्था ऐसी बन गई है कि हम भ्रष्टाचार रहित जीवन की कल्पना भी नहीं कर पाते । जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार है, रोज़मर्रा के हर काम में भ्रष्टाचार हैं। लाइन तोड़ने से लेकर जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार पसरा हुआ है। कई बार लगता है मानो भ्रष्टाचार कोई मुद्दा ही नहीं रहा। नेता भ्रष्ट हैं, अधिकारी भ्रष्ट हैं, व्यापारी भ्रष्ट हैं, जनता भ्रष्ट है। हमारी रग-रग में भ्रष्टाचार भर गया है। जब सभी भ्रष्ट हैं तो इसे जीवन का हिस्सा मानकर स्वीकार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर किसी भ्रष्ट सरकारी अधिकारी से लडना आ बैल मुझे मार जैसा है, अतः हम लोग चुपचाप रिश्वत देकर काम करवाना ही ठीक समझते हैं, वरना यह लगभग पक्का है कि उस भ्रष्ट अधिकारी का कुछ बिगड़े या न बिगड़े, पर हमारा काम जरूर अटक जाएगा। भ्रष्टाचार की मकबूलियत इस हद तक की है कि आज से लगभग आधी सदी पहले भी जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हमारा भारत महान का नारा दिया था तो समाज में प्रचलित चुटकुलों में 99 प्रतिशत बेईमान, फिर भी मेरा देश महान शामिल हो गया। हम लोग इन चुटकुलों को पढ़ते थे, हंसते थे और भुला देते थे। हमारा देश गरीब लोगों का अमीर देश है। यहां प्राकृतिक संसाधनों और खनिज पदार्थों की भरमार है, लेकिन लोग गरीब हैं, गरीबों और अमीरों के बीच की खाई उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। गरीबी से सताया हुआ व्यक्ति इतना विवश हो जाता है कि वह अक्सर अपना अपमान भी चुपचाप सह लेता है। इससे उसका आत्मविश्वास जाता रहता है और समाज में उसका योगदान घटने लगता है। भ्रष्टाचार पर काबू पाने के उपायों के संबंध में लोगों की राय अलग-अलग है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि पहले हमें बदलना होगा, तभी कोई सुधार संभव है। दूसरी ओर प्रशासनिक सुधारों से जुड़े रहे अनुभवी लोगों का मानना है कि भ्रष्टाचार पर काबू पाने का एक ही तरीका है कि सिस्टम में सुधार किया जाये । हमारे देश में महापुरुषों की कमी कभी नहीं रही, हम स्वभाव से आदर्शवादी हैं, फिर भी यदि समाज में नैतिक गिरावट बढ़ती जा रही है तो इसका कारण यही है कि भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए कोई मजबूत सिस्टम उपलब्ध नहीं है। इसका प्रमाण यह है कि विदेशों में बसे भारतीय सफल भी हैं। और नैतिक तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार भी। यदि सचमुच भारतीय होने के कारण हम बेईमान होते तो फिर विदेशों में बसे 7 भारतीय भी बेईमान ही होते। विभिन्न अध्ययनों से सिद्ध होता है 7 कि देश का सिस्टम कैसा भी हो, लगभग 10 प्रतिशत लोग ईमानदार होते ही हैं, और कुछ भी कर लें तो भी 10 प्रतिशत के लगभग लोग बेईमानी से बाज नहीं आते, जबकि 80 प्रतिशत लोग समाज की स्थितियों के अनुसार ढल जाते हैं। यदि सिस्टम मजबूत हो, बेईमानी पर तुरंत सजा होती हो, तो ये लोग बेईमानी की कोशिश नहीं करते, लेकिन यदि वे यह देखें कि बेईमानी करने वाला फल-फूल रहा है, उसे कोई सजा नहीं मिल रही, बल्कि वह जीवन का ज्यादा आनंद ले रहा है तो ये 80 प्रतिशत लोग भी बेईमानी पर उतर आते हैं।

**अजय दीक्षित**

# युवा ही देश का आधार स्तंभ है

बुलंद भारत की तस्वीर में रंग भरने का काम आजकल की युवा पीढ़ी बखूबी कर रही है, जरूरत है उनको हर सुविधा उपलब्ध करवाने की।

जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है इस कथन को सार्थक करते युवा शक्ति देश और समाज की उन्नति में अपना भरपूर योगदान दे रही है। मजूर वर्ग से लेकर हर कुर्सी पर बैठा युवा रीढ़ है विकास की। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते है। युवा देश का वर्तमान है, भविष्य का सेतु भी है। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। हर क्षेत्र में युवाओं ने अपने कौशल के दम पर क्रांति लाने की कोशिश की है, पर फिर भी देश में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या शोचनीय मुद्दा इसलिए है क्योंकि कोरोना की वजह से आर्थिक रुप से बेहाल हुआ देश अभी तक नहीं उभर पाया। आज हर वर्ग के युवाओं को काम की जरूरत है।

युवा शक्ति को शिक्षा, और प्रशिक्षण द्वारा बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने पर सरकार भी अपनी तरफ़ से बेहतर काम कर रही है; जिससे गरीबी और बेरोजगारी का समाधान अचूक मिलेगा।

महामारी के समय अनेक लोगों को अपने रोजगार, और नौकरी से हाथ धोना पड़ा इसलिये जरूरी है कि हमारे देश के उन सभी बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। युवाओं की ऊर्जा को उनके हुनर को बाहर निकाला जाए, निखारा जाए, शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाकर युवाओं में तकनीकी क्षमता विकसित की जाए, जिससे भारत उभरती अर्थव्यवस्था की मुख्य चुनौतियों से निपटने में सफल हो सकें। वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से युवाओं को उस दिशा में लक्ष्य केंद्रित करवाने की जरूरत है, जो देश को समृद्धि की चरम तक ले जाए और हर युवाओं को आत्मनिर्भर करने में मददरुप हो सकें।

युवा देश के कर्णधार है, उन्हें यह जिम्मेदारी समझनी ही होगी। आज विश्वभर में अधिकतर युवा विदेश में बसे भारतीयों की सुख-सुविधा को देखते हुए अपना देश छोड़कर दूसरे देशों की ओर जा रहे है। डालर की चकाचौंध जो लुभाती है। पर युवा अगर अपनी उर्जा और काबिलियत अपने देश को आगे ले जानें में लगाएँगे तो भारत भी अग्रेसर होते महासत्ता की ओर कदम बढ़ा सकता है। अपने ही देश में रहकर लाखों में सेलरी लेने वाले युवाओं की कमी नहीं। काबिलियत कद्र हमारे देश में भी होती है, तो क्यूँ न अपने देश की सेवा करके मातृभूमि को आसमान की ऊँचाई तक ले जाएँ।

हमारे देश में उच्चतर शिक्षा को निःशुल्क करने की जरूरत है। कभी-कभी देखा जाता है कि होनहार और काबिल बच्चें पैसों की कमी की वजह से आगे नहीं बढ़ पाते। व्यवसायिक शिक्षा की जरूरत सिर्फ़ वंचित समुदायों के लोगों को ही नहीं बल्कि उन तमाम लोगों को भी है जो औपचारिक शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पाते। भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और युवा शक्ति न्यू इंडिया का आधारस्तंभ है। केंद्र सरकार की नीतियों में, बजट में और योजनाओं में युवाओं को लेकर भविष्य के विकास का प्रतिबिम्ब नज़र आता है। जैसा कि अमृत काल के बजट में युवाओं और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप से युवाओं की तकदीर बदल रही है। सुधारों के साथ शिक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी तभी युवाओं के दम पर दुनिया के सामने भारत मजबूती से खड़ा रह पाएगा।

एक बात और है कि देश को समृद्धि की ओर प्रस्थान करना है तो भ्रष्टाचार और अनामत जैसे दूषणों को दूर करना होगा। अनामत का अजगर होनहार बच्चों की कुर्बानी ले रहा है, यही वजह है जो युवाओं को अपनी सरज़मीं छुड़वाकर दूसरे देशों में जाकर बसने के लिए मजबूर करता है। जिसकी जितनी काबिलियत उस हिसाब से काम मिलना चाहिए। सिर्फ़ अनामत के दम कुर्सी पर बैठने वाले देश के विकास का बेड़ा गर्द कर देते है।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर,
कर्नाटक

## गुनगुन करता भौंरा आया

गुनगुन करता भौंरा आया
फुल कलियों को है रिझाया।
चूँ-चूँ करती चिड़िया आई
सुबह का संदेशा ले के आई।
रंग-बिरंगी तितली रानी आई
झूम-झूम कर वह नाच दिखाई।
फुल-बगीचों मे है मुस्काया
सबके मन में वह प्रीत जगाया।
प्यारी कलियाँ भी मुस्कायी
सुंदर रूप अपना है दिखलायी।
सर-सर करती हवा भी आई
शीतलता का अहसास कराई।
आसमान पर लालीमा छाई
रवि ने किरण धरा में फैलाई।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

## आ प्यार की एक जहाँ बसा ले हम

सबसे से प्यारा यह नूतन संसार हो
दुनियादारी से जहाँ ना सरोकार हो
नित रहें जहाँ हरपल तुम और हम
आ प्यार की एक जहाँ बसा ले हम
केवल सपनों का आना जाना हो
पल-पल जीवन मे नया तराना हो
सपनों को हकीकत बना ले हम
आ प्यार की एक जहाँ बसा ले हम
यादों वादो की हर दिन बराते सजे
हरदिन होली,हर रात दिवाली मने
प्रेम के एक दीपक जलाये हम तुम
आ प्यार की एक जहाँ बसा ले हम
यु गुजर जायेगी जिंदगी साथ मे
कर वादों लेके हाथों को हाथ मे
कभी भी आप से बिछुड़े ना हम
आ प्यार की एक जहाँ बसा ले हम
सपनों सा जीवन गर बन जाये तो
सबको मन की मन्नत मिल जाये तो
हंसकर छोड़ देंगे ये नश्वर जहाँ हम
आ प्यार की एक जहाँ बसा ले हम



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

## भोले हम तेरे

भोले हम तेरे चरणों में,
नवदीप जलाने आए हैं,
बम लहरी के सुर में हम भी,
बस भाग जगाने आए हैं।
भोले हम तेरे ....
बम-बम भोले का जयकारा,
सब पाप मिटा देता है यहां,
एक बार जो दिल से बोल दिया,
संताप भी मिट जाता है यहां।
भोले हम तेरे ....
भोले के नयनों में ब्रह्मा,
और विष्णु भी तो समाए हैं,
जब ढोल पे थाप लगी थोड़ी,
तो देव धरा पर आए हैं।
भोले हम तेरे ....
कोई ठुमक रहा कान्हा की तरह,
कोई गज-सी सूंड हिलाता है,
कोई वीणा के तारों से यहां,
मन को झंकृत कर जाता है।
भोले हम तेरे ....
सब मुस्कानों की बात करें,
हम जीवन में कुछ खास करें,
मनभर जो खुशियां बांट रहे,
उन भोले का हम ध्यान धरें।
भोले हम तेरे ....
भोले-भोले गाकर जो भी,
भक्ति रस में रंध जाता है,
वह कालचक्र की परिधि से,
सारा जीवन तर जाता है।
भोले हम तेरे ......



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,इन्दौर,
मध्यप्रदेश

## योग पौराणिक निरोग काया का मंत्र है

पौराणिक निरोग काया का मंत्र है
योग प्रथम भारतीय स्वास्थ्य उपहार है
खुशी के लिए उत्तम स्वास्थ्य उपहार है
योग अच्छे स्वास्थ्य
की बहूमूल्य कुंजी है
योग व्यायाम सहित स्वास्थ्य विज्ञान है
दुनिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाई है
वैश्विक स्तर पर
भारतीय प्रतिष्ठा बढ़ाई है
योग हमारे शरीर की दवाई है
मस्तिष्क को ऊर्जा उपलब्ध कराया है
जीवन शैली में बदलाव भी लाया है
योग ने विश्व को योग महत्व समझा पर
भरपूर प्रतिष्ठा पाया है



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# मानदेय में मात्र 300 रुपए की बढ़ोतरी की घोषणा पर रसोईया संघ में विरोध

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में रसोईया संघ का एक बार फिर से एक साथ विरोध का स्वर देखने को मिला। जहां प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत अंबिकापुर के सर्किट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था इस दौरान रसोईया संघ के कार्यकर्ता भी इस मिलन समारोह में आए हुए थे। जहां खाद्य मंत्री के सामने ही रसोईया संघ का विरोध देखा गया। दरसअल प्रदेश सरकार ने हाल ही में बजट पेश किया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं सहित अन्य वर्गों को भी बजट में शामिल किया। वही रसोईया संघ के लिए मात्र 300 रुपए बढ़ोतरी को लेकर नाराजगी रसोईया संघ के सदस्यों में देखने को मिली। जहां उन्होंने कहा कि सुबह से लेकर शाम तक हम काम करते हैं. लेकिन हमें मेहताना सिर्फ 1800 रुपए ही दिए जा रहे है। इस महंगाई के दौर में गुजारा करना मुश्किल हैं, साथ ही कहा कि हम सरकार को 300 रुपए भी वापस कर देंगे। जब रसोईया संघ की समस्याओं को लेकर स्टेज में मौजूद प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सबके लिए कुछ ना कुछ मिला है, तो वहीं दूसरी ओर रसोईया संघ के द्वारा सरकार को 300 रुपए वापस करने को लेकर कहा कि उस बात की जानकारी हमें नहीं है। वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने रसोईया संघ को लेकर कहा कि मुझे नहीं लगता कि उनके लिए 300 रुपए बढ़ोतरी करना काफी नही रहा होगा, क्योंकि इस महंगाई के दौर में कांग्रेस हाथ जोड़ो अभियान चलाकर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं।



### ऐसा रहा तो हम वोट भी नहीं देंगे'

रसोईया संघ ने सरकार के बजट में 300 रुपए की बढ़ोतरी से नाराज होकर उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसा रहा तो हम वोट भी नहीं देंगे। वही अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के खाद्य मंत्री से कहा लेकिन इन रसोईया संघ की बातों से अनभिज्ञ होते हुए नजर आए. अब देखना होगा कि रसोईया संघ के द्वारा आगामी समय में क्या रणनीति तय की जाती है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पुलिया, निर्माण के 6 माह बाद ही हो गई जर्जर



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरकार गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए तामम विकास कार्य करती है, लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की सांठगांठ विकास कार्य में करप्शन कर बंदरबांट कर देते हैं। इसका सीधा प्रमाण ग्राम पंचायत डहौली में देखने को मिला जहाँ नया बनाया गया पुलिया 6 महीने में टूट गया। ये नजारा सरगुजा जिले के लुंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत डहौली के आश्रित मोहल्ला पहाड़पारा का है, बहेराडीह चौक से आमगांव व्हाया धौरपुर जाने वाले रास्ते में ये पुलिया निर्माण कराया गया था दरअसल इस रास्ते में बरसात के दिनों में पुलिया नहीं होने से चलने में तख़लीफ़ होती थी ग्रामीणों की सालों की मांग पर लगभग 5 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कराया गया है लेकिन पुलिया भी भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गया ग्रामीणों का कहना है ,बहेराडीह चौक से आमगांव व्हाया धौरपुर जाने का शॉट कट रास्ता है रोजाना सैकड़ो राहगीर गुजरते है पुल टूट जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई ग्रामीणों का कहना है पुलिया निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है, पुलिया में मटेरियल का सही इस्तेमाल नहीं किया गया है। लुंड्रा ब्लॉक में निर्माण कार्यों में जमकर भ्रस्टाचार किया जा रहा जिसका उदाहरण डहौली के आश्रित मोहल्ला पहाड़पारा का ये पुलिया है वही मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल लुंड्रा विधायक प्रीतम राम ने जांच कराकर दोषी और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करने की बात कही है। वहीं प्रदेश सरकार गांव गांव विकास करने के लिए लाख प्रयास करें लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिली-भगत से करप्शन फल फूल रहा है। बहरहाल इस मामले के सामने आने के बाद देखना होगा कि आला अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं... या इसी तरह करप्शन का खेल चलता रहेगा और शासन के पैसों का बंदर बाट चलता रहेगा.

# महिला ने पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

एक महिला ने अपने पति पर क्रूरतापूर्वक मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 323 व 498 ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका चौधरी विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता की रहने वाली है। पूर्व से इसकी जान पहचान सूरजपुर जिले के ग्राम सलका डेडरी निवासी विनय जायसवाल से थी। अक्टूबर 2021 में दोनों कोर्ट मैरिज कर अंबिकापुर भगवानपुर में किराए के मकान में साथ रहते थे। 11 मार्च को प्रियंका चौधरी ने गांधीनगर थाने में अपने पति विनय जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शादी के 6 माह बाद पति द्वारा आए दिन छोटी-छोटी बात को लेकर मारपीट व प्रताड़ित किया जा रहा है। 11 मार्च को प्रियंका कमरे में पोंछा लगा रही थी। इस दौरान इसका पति कमरे में तीन से चार बाल्टी पानी गिरा दिया और बिजली का नंगा तार इलेक्ट्रिक बोर्ड में लगाकर जमीन में गिरा दिया। इससे प्रियंका को करंट लग गया। करंट लगने पर वह चिल्लाने लगी। इस दौरान आवाज बाहर न जाए इस लिए पति ने प्रियंका के मुंह में हाथ डाल दिया ताकि वह चिल्ला न सके। प्रताड़ना से तंग आकर प्रियंका ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने पति विनय जायसवाल के खिलाफ धारा 323 व 498 ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## आग से झुलसकर जख्मी महिला की मौत

अम्बिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

खाना बनाते समय एक महिला आग से झुलस गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पतल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कांसाबेल अंतर्गत ग्राम भेडयिा झरिया निवासी धोबनी बाई पति पजारू राम (45 वर्ष) 3 मार्च की रात घर में भोजन बना रही थी। इसी दौरान आग साड़ी में पकड़ लेने से गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन महिला को कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



## मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम को लेकर बतौली भाजपा मंडल की हुई बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

युवा मोर्चा बतौली मंडल की बैठक रविवार को प्रभारी रोचक गुप्ता के विशेष उपस्थिति में बतौली में की गई। जिसमें मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के सम्बंध में 15 मार्च को रायपुर में होने वाले विधानसभा घेराव को लेकर बैठक आयोजित किया गया। भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोचक गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को रायपुर पहुंच कर घेराव कार्यक्रम सफल बनाने व प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ नारा बुलंद करने हेतु आह्वान किया गया.. बैठक पश्चात वाल राइटिंग,पोस्टर चिपका कर आम जनता से भी रायपुर चलने का आग्रह किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष राजजूराम भगत,महामंत्री निशांत गुप्ता,विशेष गुप्ता ,युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र पैंकरा,नितिन गुप्ता, चंद्र मिंज,विशाल गुप्ता,सौरभ अग्रवाल,पूनम गुप्ता,जितेंद्र यादव,राजेश गिरी सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिरकर जख्मी युवक की मौत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अमरूद तोडने के दौरान एक ग्रामीण पेड़ से गिर गया था और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलबा डांडगांव निवासी अमर साय (28 वर्ष) शनिवार को घर के समीप पेड़ पर चढ़कर अमरूद तोड़ रहा था। इसी दौरान पैर फिसल जाने से काफी ऊंचाई से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# रीपा से ग्रामीण उद्यमिता को मिलेगा प्रोत्साहन व युवाओं को स्वरोजगार



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की अवधारणा पर आधारित रीपा यानी महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क गोठानो में आकार ले रहे हैं। जिले के 7 विकासखण्ड में प्रत्येक में 2-2 के मान से 14 गोठानों को रीपा के लिए चिन्हांकित किया गया है। अलग- अलग गोठान में स्थानीय परिदृश्य के अनुरूप कच्चे माल के स्त्रोत व मार्केटिंग विकसित किये जायेंगे। रीपा के तहत गोठानां में औद्योगिक इकाई स्थापना के कार्य शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन व जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के नेतृत्व में रीपा के तहत गोठानों औद्योगिक इकाई स्थापना हेतु विभिन्न निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सभी रीपा केंद्र को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। अम्बिकापुर जनपद के दरिमा गोठान में कालीन निर्माण, स्टेशनरी निर्माण, स्क्रीन एवं ऑफसेट प्रिंटिंग, सिलाई सेंटर, मेण्ड्राकला में चना-रोस्टर, मुर्रा, सत्तु निर्माण, ऑयल एक्सपेरल, बर्तन बैंक साउंड एंड टेंट, बतौली के मंगारी में सिलाई सेंटर व कालीन निर्माण, तरागी में राइस,आटा तेल मिल, लखनपुर जनपद में कुंवरपुर में बोरा एवं बैग निर्माण कस्टम हायरिंग सेंटर, पुहपुटरा में बेकरी-ब्रेड उत्पादन, चीन लिंक फेंसिंग तार निर्माण इकाई, लुण्ड्रा जनपद के असकला में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण,डिटर्जेंट एवं साबुन निर्माण, बाटवाही में कालीन निर्माण,गौ मूत्र प्रोसेसिंग, मैनपाट जनपद के राजापुर में बेकरी- ब्रेड उत्पादन, चना-रोस्टर, मुर्रा, सत्तु निर्माण, डांगबुड़ा में दोना पत्तल निर्माण, ब्रेड बेकरी उत्पादन, कालीन निर्माण, उदयपुर जनपद के जजगा में फ्लाईऐश ब्रिक्स निर्माण, आयल एक्सपेलर, कंवलगिरी गोठान में पेपर कप एंड ग्लास निर्माण,झाडू निर्माण, चैन लिंक फेंसिंग तार निर्माण, सीतापुर जनपद के सूर में पोहा निर्माण, ब्रेड एवं बेकरी, सोनतराई में दोना पत्तल निर्माण, सूजी-दलिया, आटा निर्माण, मसाला व सेवई निर्माण इकाई स्थापित होंगे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारम्भ आज

### कमिश्नर डॉ संजय अलंग होंगे मुख्य अतिथि

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय हिंदी विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय



राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ 13 मार्च 2023 को प्रातः 10:30 बजे से रजत जयंती सभागार गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व छत्तीसगढ़ पर शोध अध्यक्षता एवं सरगुज़ा संभागयुक्त डॉ संजय कुमार अलंग होंगे। अध्यक्षता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अशोक कुमार चक्रवाल करेंगे। 'छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में श्री राम' विषय पर संगोष्ठी में व्यक्तव्य दिए जाएंगे। डॉ अलंग छत्तीसगढ़ के इतिहास पर शोध अध्यक्षता होने एवं मुख्य अतिथि के तौर पर संगोष्ठी में अपना व्यक्तव्य देंगे। इस संगोष्ठी में बीज व्यक्तव्य इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रो श्री प्रकाश मणी त्रिपाठी देंगे तथा विशिष्ट अतिथि अयोध्या शोध संस्थान के निदेश डॉ लवकुश द्विवेदी होंगे।

## होली मिलन कार्यक्रम का हुआ समापन




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सोनार उत्थान समाज के सभी जिले के जिलाध्यक्ष कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य गण एवं समाज के सम्मानीय सदस्यगण आज दिनांक 11 मार्च 2023 को कोरिया जिला के बैकुंठपुर ब्लॉक मानस भवन में सोनार उत्थान समाज के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परशुराम सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष सरगुजा संभाग प्रभारी सरगुजा जिला के उपाध्यक्ष लड्डू सोनी अंबिकापुर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष रणविजय सोनी अंबिकापुर से उपस्थित थे कोरिया जिला के प्रमुख सलाहकार राजेंद्र प्रसाद सोनी जी डॉक्टर सुनील सोनी जी जिले के महिला अध्यक्ष श्रीमती किरण सोनी बैकुंठपुर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष राजनाथ सोनी महिला के ब्लॉक अध्यक्ष सरिता सोनी युवा के ब्लॉक अध्यक्ष सुदीप सोनी पटना के महिला ब्लॉक अध्यक्ष आराधना सोनी इसके अलावा बैकुंठपुर ब्लॉक के कार्यकारिणी के पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण उपस्थित थे निर्मल सोनी सुशील सोनी रणधीर सोनी सुरेश सोनी अजय सोनी विजय सोनी संजय सोनी मनोज सोनी सुभाष सोनी सत्यम सोनी मदन सोनी राकेश सोनी चंदू सोनी राजन सोनी सत्यम सोनी हर्ष सोनी नीतेश सोनी किरण सोनी रूप सोनी अंजली सोनी अनिता सोनी पदमा सोनी पूर्णिमा सोनी मीना सोनी नीलू सोनी सुमित्रा सोनी राधा सोनी चंदा सोनी गीता सोनी ममता सोनी कमला सोनी इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में समाज के सीनियर महिला एवं युवा उपस्थित थे।

# नगर निगम में विभिन्न विकास कार्य हेतु 20 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति

### 50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क भी बनेंगे

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

नगर निगम अम्बिकापुर में विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति का आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

स्वीकृत राशि में से सड़कों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रूपए, गांधी स्टेडियम के उन्नयन के लिए 3 करोड़ रूपए तथा पीजी कॉलेज ग्राउंड में जरूरी मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विकास एवं उन्नयन के लिए एक करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर 'अर्बन कॉटेज एण्ड सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क' विकसित करने के लिए 2 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। इसके साथ ही मार्केट एरिया में सीसीटीवी, आधुनिक शौचालयों का निर्माण और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

बनेंगे 50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क- नगर निगम में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क बनाए जाएंगे, इसके लिए 6 लाख रूपए प्रति स्मार्ट हेल्थ कियोस्क के मान से 3 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति की गई है। समार्ट हेल्थ कियोस्क में नागरिकों को बीपी, शुगर व ब्लड टेस्ट की निःशुल्क सुविधा मिलेगी।

# बगदर्री शिविर में आवेदनों का निराकरण



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर जनपद के ग्राम पंचायत बगदर्री में शनिवार को विकासखंड स्तरीय जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के विभिन्न समस्या व शिकायत से सम्बंधित 26 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में नहीं हो पाया उन्हें सम्बंधित विभागों को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बगदर्री शिविर में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 33 समस्या एवं 8 शिकायत से सम्बंधित थे। आवेदनों के निराकरण के साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी अधिकारियां के द्वारा दी गई।

ज्ञातव्य है कि समस्या का समाधान गांव में ही करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत एवं विकास खंड स्तर पर जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## "वरिष्ठ नागरिकों हेतु आंकलन एवं सामग्री वितरण समारोह 15 को'

- संवाददाता -
कोरिया, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि विभाग द्वारा संभागीय मुख्यालय सरगुजा में 15 मार्च को आंकलन एवं वितरण समारोह के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक समस्याओं के निराकरण हेतु उन्हें आवश्यकता अनुसार छड़ी, चश्मा, कृत्रिम दांत, व्हीलचेयर आदि प्रदान किया जाना है। इस हेतु उन्होंने जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र जारी कर चिन्हित वरिष्ठ नगारिकों की सूची उपलब्ध कराने कहा है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को समारोह स्थल तक लाने तथा समापन के बाद उनके घर तक पहुंचाने के लिए बस की व्यवस्था की जाएगी। समारोह स्थल पर उपस्थिति के लिए वरिष्ठ नागरिकों के नाम, आयु, पता, संपर्क नम्बर आवश्यक उपकरण का नाम आदि विवरण हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया है तथा सभी निकायों के वरिष्ठ नागरिकों को पंजीयन कर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# एशिया प्रशांत क्षेत्र में बढ़ रहा तनाव न बनें युद्ध की वजह,इसकी गारंटी करने में जुटे चीन और आसियान

**नई दिल्ली, 12 मार्च 2023।** एशिया प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आसियान और चीन ने दुर्घटनावश युद्ध छिड़ने जैसी सूरत से बचने के उपायों पर विचार शुरू किया है। आसियान दस दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का संगठन है। इसके सदस्य ज्यादातर देशों के साथ चीन का सीमाई या क्षेत्रीय विवाद हैं, जिसको लेकर टकराव की स्थिति बनती रहती है।

### जकार्ता में हुई बैठक

इसे देखते हुए आसियान और चीन के प्रतिनिधियों की शुक्रवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक बैठक हुई। उसमें हॉटलाइन कायम करने का प्रस्ताव आया। आसियान के प्रतिनिधियों ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता इस क्षेत्र में शांति बनाए रखना है। इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालय में आसियान विभाग के महानिदेशक सिद्धार्थो सूर्योधिपुरो ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण घटनाओं को नियंत्रित रखना है। इस वर्ष हम यह कर सकते हैं कि दोनों पक्षों के बीच एक हॉटलाइन बना ली जाए।'

### संवाद कायम करने पर बनी सहमति

हॉटलाइन संवाद की व्यवस्था है, जिसमें स्थिति बिगड़ने की स्थिति में दोनों पक्ष तुरंत एक दूसरे संपर्क कर सकते हैं। जानकारों के मुताबिक आसियान और चीन के बीच हॉटलाइन कायम करने पर सहमति कई वर्ष पहले हो गई थी। लेकिन आसियान के दस देशों के बीच इसका सिस्टम कायम ना हो पाने के कारण बात आगे नहीं बढ़ी। सूर्योधिपुरो ने कहा कि अब आसियान के सदस्य सभी दस देश आपसी संचार की ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिसका संपर्क बीजिंग से जुड़ा होगा।



जकार्ता में आसियान और चीन के कूटनीतिकों की बैठक तीन दिन तक चली। इंडोनेशिया इस वर्ष आसियान का अध्यक्ष है। इसीलिए उसने इस बैठक की मेजबानी की। इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच एक 'आचार संहिता' लागू करने के मुद्दे पर भी बातचीत हुई। कूटनीतिकों के मुताबिक क्षेत्रीय या सीमाई विवाद वाले देश आपस में कैसे व्यवहार करें, उसकी संहिता बनाने की जरूरत इस क्षेत्र में काफी समय से महसूस की जा रही है। पिछले महीने आसियान विदेश मंत्रियों के साथ चीन के विदेश मंत्री की हुई बैठक में यथाशीघ्र आचार संहिता पर सहमति बनाने पर जोर दिया गया था।

### एशिया प्रशांत क्षेत्र में भी इस वजह से बढ़ रहा तनाव

विश्लेषकों के मुताबिक चीन के अमेरिका और यूरोप के साथ बढ़ रहे तनाव का असर एशिया प्रशांत क्षेत्र में भी महसूस किया जा रहा है। आसियान के सदस्य देशों के अमेरिका से बेहतर रिश्ते हैं। जबकि चीन इन देशों का सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी है। इसलिए आसियान देशों दोनों बड़ी ताकतों के बीच संतुलन बना कर चलना चाहते हैं।

### सूर्योधिपुरो ने कहा-

'हम नया नजरिया अपना कर आगे बढ़ेंगे, ताकि आचार संहिता पर बातचीत में तेजी लाई जा सके। अभी इस सवाल पर चर्चा हो रही है कि आचार संहिता को कानूनी रूप से बाध्य बनाया जाए या नहीं। फिलहाल हम इसे बाध्यकारी बनाने से बचना चाह रहे हैं।'

इस क्षेत्र में तनाव का सबसे बड़ा स्थल दक्षिण चीन सागर है। पिछले महीने फिलीपीनन्स ने आरोप लगाया था कि स्पार्टली द्वीप समूह के पास उसके जहाजों पर लेजर प्रहार किया गया है। उधर अमेरिकी थिंक टैंक सेंटर फॉ स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज ने दिसंबर में कहा था कि वियतनाम ने दक्षिण चीन सागर में अपनी चौकियों के पास खुदाई तेज कर दी है। इन घटनाओं से इस क्षेत्र में तनाव अचानक बढ़ गया। इसीलिए तनाव को नियंत्रित रखने की पहल को बेहद अहम समझा जा रहा है।

# ज्यादा समय नहीं जिओगे

## 300 किलो के युवक को डॉक्टरों से मिली थी चेतावनी, फिर चार साल बाद...

**वॉशिंगटन, 12 मार्च 2023।** अमेरिका के मिसीसिप्पी शहर में रहने वाले एक युवक ने चार साल में 165 किलो वजन घटाकर दुनिया को हैरान कर दिया है। दरअसल एक डॉक्टर ने युवक से कह दिया था कि वह एक चलता फिरता बम बन चुका है और कभी भी उसकी जान जा सकती है। इस बात ने युवक को इस कदर झकझोर दिया कि उसने वजन घटाने का फैसला कर लिया। मिसीसिप्पी के रहने वाले 42 वर्षीय निकोलस क्राफ्ट का वजन चार साल पहले करीब 300 किलो था।



साल 2019 में जब निकोलस ने वजन घटाने का फैसला किया तो पहले महीने ही उन्होंने संतुलित आहार लेकर 18 किलो वजन कम कर लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निकोलस को बचपन से ही ज्यादा वजन की समस्या थी और हाईस्कूल में ही उनका वजन करीब 136 किलो था। क्राफ्ट ने बताया कि तनाव की वजह से वह ज्यादा खाना खाते थे और उसी के चलते उनका वजन इस कदर बढ़ गया। भारी वजन के चलते उनके शरीर में दर्द, घुटनों में दर्द और सांस फूलने की समस्या होने लगी थी।

हालात ये हो गए थे कि क्राफ्ट घर से बाहर नहीं निकल पाते थे क्योंकि वह किसी गाड़ी में बैठ ही नहीं सकते थे। इसके चलते उनका लोगों से मिलना जुलना भी बंद हो गया था। साल 2019 में जब एक डॉक्टर ने उन्हें बताया कि वह एक चलता फिरता बम बन गए हैं और ज्यादा से ज्यादा चार से पांच साल में उनकी मौत हो जाएगी। इसके बाद क्राफ्ट ने वजन घटाने की सोची। क्राफ्ट का कहना है कि वह जीना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने अपनी खाने पीने की आदतों में बदलाव किया।

अब निकोलस क्राफ्ट पूरी तरह से बदल गए हैं और अब वह बाहर जा सकते हैं। लोगों से मिलते जुलते हैं और उनकी स्वास्थ्य की समस्याएं भी काफी हद तक कम हो गई हैं। क्राफ्ट का कहना है कि %अपने आपको को सीमित ना करें। लोग जो सोचते हैं वह कर सकते हैं। इसलिए अपने पर विश्वास रखें क्योंकि जो आप सोच सकते हैं, उसे पा भी सकते हैं।

# चीनी सेना के जिस अफसर पर अमेरिका ने लगाए प्रतिबंध, ड्रैगन ने उसे रक्षा मंत्री नियुक्त किया

**बीजिंग, 12 मार्च 2023।** चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग को रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता सौंपी गई है। अब चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) जिनपिंग तरफ से प्रस्तावित नामों को सरकार में अलग-अलग पद सौंपने का काम भी कर रही है। पीएम ली कियांग के बाद कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी पार्टी कांग्रेस में जनरल शी शांगफू को चीन को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। 65 वर्ष के शांगफू जल्द ही वेई फेंघ की जगह लेंगे, जो कि अक्तूबर में ही चीन की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में अपने पद से इस्तीफे का एलान कर चुके हैं।



### क्यों खास है ली शांगफू की नियुक्ति?

ली शांगफू चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में चर्चित चेहरा हैं। उन्हें जिनपिंग के नेतृत्व में 2015 में सेना की स्ट्रैटिजिक सपोर्ट फोर्स शाखा का हिस्सा बनाया गया था। इस शाखा को स्पेस, साइबर तकनीक, राजनीतिक और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के क्षेत्र में चीन को उन्नत बनाने के लिए तैयार किया गया था।

शांगफू की रक्षा मंत्री के तौर पर नियुक्ति अमेरिका-चीन के बीच पहले से खटाई में पड़े रिश्तों के लिए और मुसीबत पैदा कर सकती है। दरअसल, 2018 में अमेरिका ने शांगफू पर प्रतिबंध लगा दिए थे। वॉशिंगटन ने कहा था कि शांगफू ने चीन के लिए रूस से सुखोई-35 कॉम्बैट एयरक्राफ्ट और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान ली शांगफू चीन की रक्षा तकनीक के आधुनिकीकरण का काम देख रहे एक उच्चाधिकार प्राप्त सैन्य आयोग में उपकरण विकास विभाग के निदेशक थे।

यही नहीं अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था कि उसकी तरफ से अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में रूसी दखल की कोशिशों के चलते रूसी हथियार विक्रेताओं, ली शांगफू और उनके विभाग पर वृहद प्रतिबंध लगाए गए हैं। शांगफू पर जो प्रतिबंध लगाए गए थे, उनके तहत वे अमेरिकी क्षेत्राधिकार में किसी भी लेन-देन में हिस्सा नहीं ले सकते थे। इसके अलावा उन्हें अमेरिकी वित्तीय सिस्टम में लेन-देन से भी पूरी तरह बैन कर दिया गया था। इतना ही नहीं अमेरिका में शांगफू की या उनसे जुड़ी संपत्तियों और उनके वीजा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था।

ऐसे में शांगफू को रक्षा मंत्री बनाए जाने का फैसला पहले से खराब अमेरिका-चीन के रिश्ते को और खराब कर सकता है। खासकर दो देशों के बीच रक्षा मंत्रियों की बैठक में स्थिति और खराब हो सकती है। अमेरिका को भी शांगफू के साथ बातचीत के दौरान अपने पुराने नियमों और प्रतिबंधों को ताक पर रखना पड़ सकता है, जो कि एक तरह से चीन के लिए फायदे का सौदा रहेगा।

# तीन साल में चीन से युद्ध के लिए तैयार हो जाए ऑस्ट्रेलिया, अल्बानीज सरकार के लिए रेड अलर्ट रिपोर्ट

**कैनबरा, 12 मार्च 2023।** ऑस्ट्रेलिया में प्रकाशित होने वाले दो मुख्य अखबारों की संयुक्त रिपोर्ट में प्रधानमंत्री अल्बानीज की सरकार को चीन से युद्ध के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड और द एज की इस रिपोर्ट को %रेड अलर्ट% नाम दिया गया है। इसमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया को अगले तीन वर्षों में चीन से युद्ध की तैयारी कर लेनी चाहिए।

इस स्वतंत्र रिपोर्ट को पांच नामी सुरक्षा विश्लेषकों से बातचीत के बाद तैयार किया गया है। इनमें एलन फिंकेल, पीटर जेनिंग्स, लाविना ली, मिक रायन और लेस्ली सीबैक के नाम शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक जितना सोचते हैं, ताइवान और चीन के बीच संघर्ष होने की संभावना उससे भी ज्यादा है और इसका असर ऑस्ट्रेलिया तक पड़ सकता है। इसलिए सरकार को तेजी के साथ युद्ध की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

रिपोर्ट में आगे कहा गया, ÷चूंकि ऑस्ट्रेलिया का गठबंधन अमेरिका के साथ है, इसलिए किसी भी तरह के युद्ध से हमारा मुंह मोड़ना काफी मुश्किल हो सकता है।÷



इसमें ताइवान पर हमले की आशंका का जिक्र करते हुए कहा गया, ÷अधिकतर लोग सिर्फ ताइवान पर हमले का अंदाजा लगा रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ इकलौता परिदृश्य नहीं है, जिससे ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा और समृद्धि को खतरा पैदा हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया को खुद को सिर्फ इसी परिदृश्य के लिए तैयार नहीं करना चाहिए, बल्कि हमें एक साथ कई आकस्मिकताओं से जूझने की योजना पर जोर देना चाहिए। लोकतंत्र अपने अगले युद्ध के बारे में शायद ही अंदाजा लगाता है, लेकिन अगला युद्ध तय तौर पर पिछले जैसा नहीं होता।÷

युद्ध की तैयारी के लिए सिर्फ तीन साल का समय ही क्यों?

रिपोर्ट में कहा गया, ÷युद्ध के खतरे का हमारा विश्लेषण चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आक्रामक रवैये और सैन्य क्षमता बढ़ाने के कदमों के आधार पर है। ऑस्ट्रेलिया को चीन की ओर से आते किसी खतरे से निपटने के लिए तीन साल का समय ही मिल सकता है, क्योंकि 2027 के करीब एक अहम समय आएगा, जब ताइवान जलडमरूमध्य में बीजिंग की सैन्य क्षमता अमेरिका से भी ज्यादा होगी।÷

इतना ही नहीं रिपोर्ट में चीन की ओर से युद्ध छेड़े जाने के पीछे उसके जनसांख्यिकीय संकट को भी वजह बताया गया है। दरअसल, जन्मदर घटने की वजह से चीन की आबादी का बड़ा हिस्सा अगले कुछ दशकों में बुजुर्ग की श्रेणी में आ जाएगा, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में शी जिनपिंग के परिप्रेक्ष्य से चीन के पास अपने किसी भी बड़े सैन्य अभियान को पूरी क्षमता से लक्ष्य तक पहुंचाने का अब सीमित समय है। इसीलिए चीनी राष्ट्रपति इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहेंगे।

# ताइवान को लेकर बढ़ा अमेरिका-चीन में तनावः यूएस जनरल बोले-हमें चीन के जहाजों को डुबोना होगा

**वॉशिंगटन, 12 मार्च 2023।** अमेरिका के एक टॉप जनरल ने सुझाव दिया है कि ताइवान के चारों तरफ चीन की घेराबंदी को तोड़ने के लिए हमें चीन के जहाजों को समुद्र में डुबोना होगा। बता दें कि यह सुझाव यूएस पैसिफिक एयर फोर्सेस के कमांडर जनरल केनेथ विलबैक ने दिया है। बुधवार को अमेरिका के कोलोराडो में एयर एंड स्पेस फोर्सेस एसोसिएशन वारफेयर के एक कार्यक्रम में विलबैक ने कहा कि हथियारबंद ड्रोन्स और बी-21 रेडर हथियारों की मदद से इस मिशन को अंजाम दिया जा सकता है।



बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल अगस्त में जब अमेरिका की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ताइवान को दौरे पर गई थी तो अमेरिका के इस कदम से नाराज चीन ने ताइवान के चारों तरफ घेराबंदी कर दी थी। ताइवान के पूर्वी तट पर अभी भी चीन के जहाज मौजूद हैं, जिससे ताइवान का रास्ता लगभग बंद हो गया है। चीन ने पेलोसी के इस दौरे का विरोध किया था क्योंकि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। चीन ने विरोध स्वरूप ताइवान की सीमा के को चारों तरफ युद्धाभ्यास भी किया था।

अमेरिकी जनरल ने बताया कि चीन के जहाजों पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी लगी हैं, जिससे किसी भी युद्धक विमान को निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिकी जनरल विलबैक ने कहा कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका को अपने सहयोगी देशों के साथ युद्धाभ्यास करने चाहिए।

बता दें कि चीन लगातार ताइवान पर दबाव बढ़ाता जा रहा है। इसके तहत वह लगातार ताइवान सीमा के नजदीक युद्धाभ्यास करता है, जिससे एक तरह से ताइवान का रास्ता बंद हो जाता है। ऐसे ही युद्धाभ्यास के दौरान चीन ताइवान पर हमला भी कर सकता है।

# पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अमेरिका की दो टूक कहा आवाज उठाने से कभी नहीं हिचकेंगे हम

**वॉशिंगटन, 12 मार्च 2023।** पाकिस्तान इस समय देश के इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष बेलाउट पैकेज को जारी करने पर सहमत नहीं हुआ है। दूसरी ओर, दुनिया पाकिस्तान में मानवाधिकारों के हनन पर चिंता व्यक्त कर रही है। इसी कड़ी में अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने भी इस्लामी देश मानवाधिकार और लोकतंत्र के लगातार उल्लंघन चिंता जाहिर की है। सांसद ने शहबाज सरकार से देश में अभिव्यक्ति की आजादी और कानून के शासन को लागू करने को कहा है।

### मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ आवाज उठाने से हिचकेंगे नहीं

अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं सांसद ब्रैड शर्म ने ट्वीट में कहा, हम पाकिस्तान हिंसा की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंतित हैं। कैलिफोर्निया के डेमोक्रेट सांसद ने यह भी कहा कि वह मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ आवाज उठाने से नहीं हिचकेंगे। शर्मन ने एक वीडियो संदेश में कहा, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध 1940 के दशक की शुरुआत से हैं और वर्षों से दोनों देशों ने कई वैश्विक और क्षेत्री मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा, अमेरिका को दुनिया भर में और खासकर पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों का समर्थन करना चाहिए।

### पाकिस्तान की आंतरिक संवैधानिक प्रक्रिया में अमेरिका की भूमिका नहीं

इससे पहले उन्होंने ट्वीट किया कि उन्होंने पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान से फोन पर बात की और कैलिफोर्निया में 40वें कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट में यंग किम के खिलाफ चुनाव लड़ रहे पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार आसिफ महमूद से मुलाकात की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की आंतरिक संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। लेकिन हमें पाकिस्तान या कहीं भी मानवाधिकारों और लोकतंत्र के लिए आवाज उठाने से पीछे नहीं हटना चाहिए। खान की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए अमेरिकी नेता ने कहा, मुझे इमरान खान या किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन करने कोई दिलचस्पी नहीं है और कई मुद्दों पर उनके साथ असहमति है।



### कानून का शासन और स्थिर पाकिस्तान देखना चाहता है अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

26 साल से विदेश मामलों की समिति में जिम्मेदारियां निभा रहे शर्मन ने आगे कहा कि पाकिस्तान को अपने नागरिकों को खुद को अभिव्यक्त करने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देनी चाहिए। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि हर कोई एक शांत, व्यवस्थित, लोकतांत्रिक और समृद्ध पाकिस्तान देखना चाहता है जहां पाकिस्तानियों को खुली और राजनीतिक बातचीत करने की स्वतंत्रता हो। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जिसके साथ देश लंबे समय से ऋण कार्यक्रम के लिए बातचीत कर रहा है, वह भी एक ऐसा स्थिर पाकिस्तान देखना चाहता है जो कानून के शासन का पालन करे।

### सामाजिक सामंजस्य की संभावनाओं को खतरे में डाल रहे चरमपंथी

शर्मन ने इस बात का भी जिक्र किया कि पाकिस्तान कई आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते चरमपंथ, असहिष्णुता और असंतोष पाकिस्तान में सामाजिक सामंजस्य की संभावनाओं को खतरे में डाल रहे हैं। तहरीक-ए-तालिबान (पाकिस्तान) टीटीपी और सरकार के बीच पिछले साल नवंबर में संघर्ष विराम समझौता टूटने के बाद से आतंकवादियों ने देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों, प्रतिष्ठानों और यहां तक कि मस्जिदों और बाजारों पर हमले तेज किए हैं। हालांकि, कराची में पिछले कुछ समय से कोई बड़ी घटना नहीं हुई है।

# चोरों के आगे नतमस्तक हुई पुलिस, कोयला चोरी के बाद अब ट्रांसफार्मर से तार की चोरी भी शुरू...







- पूर्व व वर्तमान विधायक का एक दूसरे पर अवैध कारोबार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप जारी है पर समस्या जस की तस
- क्या पुलिस प्रशासन अवैध कारोबार बंद कराने में सक्षम नहीं?
- क्या अवैध कारोबार का ठीकरा सिर्फ जनप्रतिनिधियों पर पुलिस पर क्यों नहीं?
- अवैध कारोबार मामले में जितना जनप्रतिनिधियों की भूमिका संदिग्ध है उतना ही पुलिस की भी
- सोशल मीडिया पर अब लोग लगा रहे चोरों से निजात दिलाने की गुहार
- बिजली के तार को भी बिना जान की परवाह किए काट कर ले जाते हैं चोर
- कोरिया कॉलरी वर्कशॉप से ट्रांसफॉर्मर में लगे 50 मीटर तार को चोरों द्वारा काट कर ले जाया गया
- जब बिजली कटी तो लोगों को पता चला कि चोरों ने ट्रांसफार्मर से तार ही काट लिए

- रवि सिंह -
कोरिया/एमसीबी 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति किस कदर बिगड़ी हुई है चोरों के हौसले किस कदर बढ़े हुए हैं यह बताने की जरूरत नहीं है सभी जान रहें हैं। देश की राष्ट्रीय संपदा कोयला का चोरों द्वारा सरेआम तस्करी किया जा रहा है और पुलिस मौन बैठी हुई है, वहीं कबाड़ चोरों का मनोबल भी इस कदर बढ़ चुका है की अब वह जल आपूर्ति की पाइप लाइनों को निशाना बना रहें हैं और जल आपूर्ति बाधित कर रहें हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लगातार यह देखने को मिला है की अविभाजित कोरिया जिले में कोयला चोरों और कबाड़ चोरों को जैसे छूट प्रदान कर दिया गया हो और वह देश की संपत्ति की चोरी करने के लिए जैसे अधिकृत हो चुके हों और उन्हे लाइसेंस मिल चुका हो। सरकार के साढ़े चार सालों के कार्यकाल में कोयला और कबाड़ चोरों ने इतना आतंक मचाया की कई लोगों की जान भी गई और कइयों की जान जाते हुए बची भी। कुल मिलाकर अविभाजित जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बद्तर हो चुकी है और जिले में कानून व्यवस्था चोरों के इशारे पर काम कर रही है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ भी अवैध कारोबारियों को लगातार इन साढ़े चार सालों में देखा गया और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी आम जनता से ज्यादा अवैध कारोबारियों को अपने आस पास रखा जो भी चिंतनीय स्थिति रही।

मिली जानकारी के अनुसार चिरमिरी के कोरिया कालरी के वर्कशॉप में शाम को 7 बजे ही चोरों ने धावा बोला और ट्रांसफॉर्मर से लगे 50 मीटर तार को काट कर ले गए, जब लाइट कटी तो लोगों को पता चला कि ट्रांसफार्मर से चोरों ने तारी काट दिया, जिस वजह से लोग अंधेरे में ही रात गुजारी जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया पर इस बात को वायरल किया गया और पुलिस के ऊपर सवालिया निशान भी लगाए गए पर क्या पुलिस अभी भी संज्ञान ले पाएगी?

### अविभाजित जिले में कोयला सहित कबाड़ चोरों के आगे नतमस्तक है कानून व्यवस्था

अविभाजित कोरिया जिले में कोयला एवम कबाड़ चोरों के सामने कानून व्यवस्था नतमस्तक ही नजर आती है।दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा अवैध कारोबारी और चोरों पर कानूनी पकड़ कमजोर ही रही और खुलेआम कोयला चोरी और कबाड़ चोरी चोरों द्वारा किया जा रहा है।कानून के रखवाले भी इन चोरों के विरुद्ध कार्यवाही करने से बचते ही नजर आते रहें हैं और इनका मनोबल बढ़ता ही चला जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा की कोयला और कबाड़ चोरों का कानून के रखवालों से सीधा संवाद कायम है जिसकी वजह से वह निश्चिंत होकर चोरी की वारदात को लगातार अंजाम देते चले आ रहें हैं।

### जल आपूर्ति पाइप लाइन को भी कबाड़ चोरों द्वारा कर लिया जा रहा है चोरी

कोयला चोरों का जितना मनोबल बढ़ा हुआ है उतना ही कबाड़ चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है अब कबाड़ चोर चालू पाइप लाइन की पाइप भी चोरी कर लें जा रहें है जिससे पेयजल की आपूर्ति हो रही है। ऐसा नहीं है की कोयला चोरों और कबाड़ चोरों को पुलिस जानती नहीं है सबकुछ जानकर भी पुलिस अनजान इसलिए बनी हुई है क्योंकि सबकुछ सेटिंग से जारी है और सबकुछ इसीलिए खुलेआम जारी है।

### नेता प्रतिपक्ष ने जिले की कानून व्यवस्था पर जब उठाया था सवाल कुछ दिनों के लिए बंद हुआ था अवैध कारोबार

जिले के दौरे पर नेता प्रतिपक्ष विधानसभा जब पहुंचे थे उन्होंने ने जिले की कानून व्यवस्था की पोल खोली थी और खुद कोयला चोरों के गढ़ तक जाकर उन्होंने जिले के कानून के रखवालों को आइना दिखाया था तब कुछ दिनों के लिए बंद हुआ था अवैध कारोबार। बाद में फिर उसी तरह जारी है अवैध कारोबार और बढ़ा हुआ है चोरों का मनोबल। वर्तमान में अविभाजित जिले में कभी भी किसी बड़ी वारदात के घटने की पूर्ण संभावना है और इसके लिए कानून व्यवस्था स्वयं ही जिम्मेदार होगी यह कहना गलत नहीं होगा।

### अन्य राज्यों को भेजा जा रहा जिले का कोयला,बड़े अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी आई है सामने

जिले के कोयले को चोरों द्वारा चोरी कर अन्य राज्यों को बेचा जा रहा है और इस पूरे मामले में पुलिस विभाग की मिलीभगत की बात कई बार सामने आ चुकी है और बड़े अधिकारियों की भी मिलीभगत है ऐसी भी बात सामने आई है।कई पुलिस थाना क्षेत्र जिले में ऐसे हैं जहां यह चोरी जारी है और पुलिस मौन है वहीं वरिष्ठ अधिकारी भी मौन हैं।

### जरा सी लालच में ईमान भी बेच रहें हैं जिम्मेदार

कोयला और कबाड़ चोरों के मनोबल बढ़ाने में किसका हांथ है यह बताना जरूरी नहीं है सभी जानते हैं की जरा सी लालच में किस तरह जिम्मेदार अपना ईमान बेच रहें हैं और चोरों के साथ सांठगांठ कर वारदात को अंजाम दे रहें हैं। चोरों के साथ ही ऐसे लोगों का उठना बैठना भी हो रहा है और उन्हीं के साथ जिम्मेदारों की सबसे ज्यादा बन रही है। जहां आम लोगो के लिए जिम्मेदार दूर हो चुके हैं वहीं चोरों के सबसे करीब आ चुके हैं यह भी लगातार देखने को मिल रहा है।

### जनप्रतिनिधियों का भी मिल रहा कोयला चोरों को साथ

कोयला और कबाड़ चोरों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी लगातार देखा गया है।जिन जनप्रतिनिधियों ने अपने निर्वाचित होने के लिए आम जनता को बेहतर कानून व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया था उन्हे उन्ही के साथ देखा जा रहा है जो कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहें हैं और खुलेआम अवैध कारोबार संचालित कर रहें हैं। जनप्रतिनिधियों का साथ अवैध कारोबारियों को जिस तरह मिल रहा है उसे देखकर यह भी कहा जा सकता है की जनप्रतिनिधियों को भी आम लोगों की जरूरत नहीं है और कानून के साथ चलने वालों की भी जरूरत नहीं है उन्हे भी कानून व्यवस्था तोड़ने वालो की जरूरत है और इसलिए वह ऐसे लोगों के ही साथ हैं।

## शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी समन्वय के साथ करें कार्य: सांसद श्रीमती महंत

- जल जीवन मिशन अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो कार्य,अस्पतालों में चिकित्सकों तथा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता,बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश
- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न, विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों की हुई समीक्षा




- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 11 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

लोकसभा सांसद एवं दिशा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वयक और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्रीमती महंत ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में सभी कार्यों की स्थिति संतोषप्रद है, जिला अधिकारी विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनहित को ध्यान में रख लम्बित कार्यों को जल्द पूर्ण करें तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें।

बैठक में श्रीमती महंत ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता, आवश्यक उपकरणों तथा पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता, सहायिका समय पर उपस्थित हों। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत जिले में हुए कार्यों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराएं तथा सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द कार्य पूर्ण करें, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में पानी की समस्या ना हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घर-घर तक बिजली पहुंचे,जहां ट्रांसफार्मर की समस्या है वहां तत्काल समस्या का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करें जिससे वे बेहतर प्रशासन में सहभागिता दे सकें। इसके साथ ही उन्होंने लोगों की सुविधा हेतु तालाब गहरीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट, जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधयों से कहा कि क्षेत्र भ्रमण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिधि तथा अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि लोगों को लाभ मिल सके।

बैठक में संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी एवं जिला व जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित इस संयुक्त बैठक में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कोरिया जिले और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर हेतु कलेक्टर श्री पी.एस.ध्रुव ने शासकीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी दी। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मील, एकलव्य विद्यालयों, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम तथा अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमो से संबंधित कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## बतौली जनपद के 16 दिव्यांग बच्चों का बना मेडिकल सर्टिफिकेट



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बतौली जनपद के 16 दिव्यांग बच्चों को मेडिकल बोर्ड के द्वारा जांच उपरांत मेडिकल सर्टिफिकेट बना कर दिया गया। बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट बन जाने से अब कई योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

सर्व शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक श्री रविशंकर तिवारी ने बताया कि विगत शुक्रवार को बतौली विकासखण्ड के 16 दिव्यांग बच्चों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष जांच के लिए लाया गया जिसमें से जांच के पश्चात 10 दिव्यांग बच्चों का मेडिकल सर्टिफिकेट मेडिकल बोर्ड द्वारा बनाया गया जिसे उसी दिन छात्रों को वितरित कर दिया गया। इसी प्रकार शनिवार को 12 में से 3 दिव्यांग बच्चां को मेडिकल सर्टिफिकेट ढिया गया। 2 श्रवण बाधित बच्चों को कान के लिए दवाई दिया गया तथा 3 अल्पदृष्टि बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने निर्देशानुसार जिले के दिव्यांग स्कूली बच्चों की जांच अम्बिकापुर में मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है। जांच उपरांत मेडिकल सर्टिफिकेट भी बनाकर दिया जा रहा है।

## फ्लाईएश से नहीं बल्कि उत्तरप्रदेश के लाल ईंटों से तैयार हो रहा वन विभाग का सरकारी भवन

- क्या मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के अधिकारियों को कोरिया व मनेन्द्रगढ़ जिले में नही मिला ईट?

- रवि सिंह -
मनेन्द्रगढ़ 12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पर्यावरण की सुरक्षा और लागत मूल्य में कमी तथा गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए शासन-प्रशासन ने सभी सरकारी निर्माण कार्य फ्लाई ऐश ईंट से कराने का निर्णय काफी पहले ही ले लिया है और इस संबंध में सभी सरकारी निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। लेकिन संबंधित कार्य एजेंसी वन मंडल मनेन्द्रगढ़ शासन-प्रशासन के इन निर्देशों और नियम कायदों को ठेंगा दिखाते हुए सरकारी निर्माण कार्य जिले के बजाय उत्तर प्रदेश के लाल ईंटों से ही करा रहे हैं।जब कि जिले में ग्राम पंचायत से लेकर सबसे बड़ी सरकारी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग सभी लाल ईंटों के बजाय फ्लाई ऐश से निर्माण कार्य करा रहे हैं।किन्तु वन मंडल मनेन्द्रगढ़ में यह मनमानी क्षेत्र के वन सीमा में खुलेआम देखने को मिल रहा है।

जानकारी अनुसार ब्लॉक मुख्यालय जनकपुर में सरकारी वन विभाग कुवारपुर का लगभग पच्चीस लाख रुपये से निर्मित शासकीय कार्यालय भवन उत्तर प्रदेश के लाल ईंटों से खड़ा किया जा रहा है। यह स्कूल भवन लगभग पूर्ण होने के कगार पर पहुँच चुका है। लेकिन न तो कार्य एजेंसी ने कभी अपने ठेकेदार से सवाल किया और न ही प्रशासनिक अधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने विभागीय कार्य की इस मनमानी पर ध्यान दिया। जबकि अविभाजित कोरिया जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी का साफ तौर पर निर्देश है कि सरकारी निर्माण कार्य फ्लाई-ऐश ईंटों से ही कराया जाए। उन्होंने तो प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रारंभ पूर्व बकायदा जिले के फ्लाई ऐश ईंट निर्माताओं की बैठक भी ली थी और उन्हें निर्देश दिए थे कि वे बड़ी संख्या में फ्लाई ऐश ईंटों का निर्माण करें, क्योंकि इनका उपयोग पीएम अवास के साथ विभिन्न सरकारी निर्माण में किया जाएगा।



लेकिन जिला प्रशासन के मुखिया के निर्देशों को उनके ही अधीनस्थ विभाग के अधिकारी ठेंगा दिखा रहे हैं और बेधड़क सरकारी निर्माण में लाल ईंट खपा रहे हैं। पूर्व में वहा पदस्थ जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत भी किया गया है। लेकिन फिलहाल जांच की बात कही जा रही है।

लाल ईंट बनाने के सभी भट्ठे अवैध- जिले के खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में जितने भी लाल ईंट के भट्ठे संचालित किए जा रहे हैं वे सभी अवैध हैं। सरकार ने लाल ईंट पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगा रखा है। ऐसे में ठेकेदार बिल कहां से लगा रहे हैं। इंजीनियर मूल्यांकन कैसे करते हैं? यह सब जांच का विषय है। माना जा रहा है कि इस हथकंडे से टैक्स की बड़ी चोरी भी की जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन इस पर पूरी तरह खामोश है।

आखिर उत्तर प्रदेश की ईंट वन विभाग में क्यो?- विदित है कि कोरिया व नवीन जिले में सभी ब्लाक मुख्यालय में लगभग फ्लाई ऐश से निर्मित ईट प्रति नग चार से पाँच रुपये में उपलब्ध है जो कि कम दर में वन विभाग को मिल सकता था किंतु कुर्सी में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों ने नियम को ताक में रख जिले के बजाय अन्य राज्य से इससे महंगे दाम में सात से आठ रूपये प्रति नग के हिसाब से ईट मंगाया जिससे अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल उठना लाजमी है कि क्या जिले में गुडवत्ता युक्त ईट नही है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार- यू पी पैकरा उप वन मंडल अधिकारी जनकपुर मनेन्द्रगढ़ वन मंडल ने कहा की

लाल ईंट और सीमेंट ईंट दोनों की क्वॉलिटी और कीमत जिले में समान है, इसलिए मूल्यांकन करने में हमें कोई दिक्कत नहीं है। किन्तु उत्तरप्रदेश से ट्रक में ईट क्यों मंगाया गया इस संबंध में कुछ भी कहने से मना कर दिया वही शिकायत मिलने पर जाच की बात कही।

# प्रशासन क्यों मेहरबान है पोड़ी-बचरा के भू-माफियाओ पर

- राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

विकास खंड खडगवा के पोडीबचरा तहसील के आसपास के ग्राम पंचायतों में भू-माफियाओं की सक्रियता दिनो दिन बढ़ती जा रही जिसके कारण आम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है पोडी ग्राम पंचायत में सिथत शासकीय भूमि खसरा नंबर 820 मे संदीप कुमार जयसवाल के द्वारा चार मंजिल भवन तैयार कर व्यवसायिक प्रयोजन के लिए उपयोग करने के संबंध में पोडी बचरा तहसीलदार को शिकायत कर्ता चंद्र किरण पति प्रेम चंद्र पोडी निवासी ने अपनी शिकायत पत्र के माध्यम से 23/2/23 को किया गया था जिस पर आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई।

पोडी के रसूख दार होने के कारण इन लोगों के द्वारा पूरी दबंगई से शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है ये रसूखदार भू माफिया सरकारी जमीनों को नहीं छोड रहे हैं सडक के किनारे कि शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण धडल्ले से कर लाखों रूपये की लागत से व्यवसायिक भवनों का निर्माण कार्य कर रहे हैं जिसकी क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई शिकायतें कि है उसके बाद भी क्षेत्र के रसूखदार होने के कारण राजस्व का प्रशासनिक अमला इनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की जरूरत ही नहीं समझता है या कार्रवाई करना ही नहीं चाहता है इससे इन भू माफियाओं का मनोबल और बढ़ता जा रहा है। इनके द्वारा सरकारी जमीन



पर अतिक्रमण करने के बाद उस जमीन का पट्टा भी बन जा रहा है और सरकारी जमीन को अतिक्रमण के बाद दूसरे को पट्टा होने का हवाला देकर जमीन को बेचा जा रहा है जी हां, क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के जमीनों को खरीदने वाले भू-माफियाओं की वजह से जमीन के दाम आसमान छूने लगे हैं। इसकी वजह से गरीब तबके के लोग जमीन खरीदना तो दूर जमीन खरीदने के बारे में सोच नहीं सकते। इस क्षेत्र के रसूखदार भू माफिया इतने सक्रिय है कि जमीन विक्रेताओं के पास पहुंच जाते हैं और रेट पूछने के बाद उसको खरीद लेते हैं। कभी-कभी तो ये भू माफिया जमीन विक्रेताओं को भूमि बेंच देने के लिए विवश करते हैं। उसमें वे मनमाना कमीशन भी ऐंठते हैं। आश्चर्यजनक तो यह है कि यह भू माफिया अपने काम को खुलेआम अंजाम दे रहें हैं। प्रशासनिक अधिकारी उनके समस्त क्रिया कलापों के जानने के बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करके चुप्पी साधे हुए हैं। इससे इनका मनोबल और बढ़ता जा रहा है और साधारण सी जमीन का दाम सोने के मूल्य के बराबर हो गया है।

इस पोडी क्षेत्र के रसूखदार भूमाफियाओं के द्वारा क्षेत्र की शासकीय भूमि पर कब्जा जमा कर क्षेत्र के गरीब वर्ग को कहीं शासकीय जमीन उपलब्ध नहीं हो रही है जिससे क्षेत्र की गरीब जनता मे काफी रोष व्याप्त है।

इस संबंध में हल्का पटवारी पोडी से जानकारी चाही तो उनका मोबाइल नंबर 9669411450 बंद होने के कारण उनसे जानकारी प्राप्त नही हो पाई।

## दूधीटांगर जंगल पहुंचा 20 हाथियों का दल

### ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की दी गई हिदायत

- संवाददाता -
कोरबा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

वन मंडल कोरबा के करतला रेंज से 12 हाथियों का झुंड छाल की ओर जाने के बाद अब बालको रेंज में 20 हाथियों का झुंड विगत 2 सप्ताह से एक



ही स्थान पर डेरा जमाए हुए हैं । हाथी के झुंड में 06 बच्चे होने की वजह से हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की निगरानी कर रहे है। बालको से लेमरू मार्ग पर दूधीटांगर गांव के समीप स्थित हाथी जंगल को नहीं छोड़ रहे हैं। वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार हाथियों पर नजर रखने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी गई है ।

## एएसआई हत्या मामले में आईजी ने एसपी सहित विभागीय अधिकारियों की ली बैठक




- संवाददाता -
कोरबा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बांगो थाना परिसर में हुए एएसआई के हत्या के मामले के 03 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर है द्व ऐसे में मामले को गंभीरता से लेते हुए बिलासपुर आईजी बीएन मीणा कोरबा ने एसपी उदय किरण,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा समेत अधिकारी कर्मचारी देर रात बांगो थाना पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए अधिकारी कर्मचारियों की विशेष बैठक ली द्व बता दें कि, एएसआई के हत्या के मामले में अब तक पूछताछ के लिए दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है पर अब तक किसी नतीजे तक पहुंचा नहीं जा सका है द्व जिसके लिए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई है द्व टीम में शामिल टीआई बांगो थाना प्रभारी अभय बैस, कटघोरा थाना प्रभारी अश्वनी राठौर, साइबर सेल प्रभारी सनत सोनवानी जांच में जुटे हुए हैं एवं मामले में हर पहलू को बारीकी से जांच कर रहे हैं, जिससे जल्द से जल्द आरोपी तक पहुंचा जा सके।

## रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने ग्राम पंचायत नकटी खार में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

- संवाददाता -
कोरबा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पूर्व गृह मंत्री एवं रामपुर विधायक ननकीराम कंवर के द्वारा ग्राम नकटी खार में अनेक विकास कार्यों का किया गया भूमि पूजन द्व जिसमें विधायक मद से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य लागत ? 05 लाख ,15 वे जनपद पंचायत मद से ?02लाख

से सीसी रोड निर्माण कार्य ,15 वे वित्त जनपद मद से तालाब पारा में सीसी रोड निर्माण एवं पेयजल हेतु जनपद मद से लागत 1.5 लाख रुपए का बोर खनन कार्य का भूमि पूजन किया गया द्व इस दौरान विधायक ननकीराम कंवर ने ग्राम नकटी खार महिला समिति के महिलाओं से मुलाकात कर उनकी



समस्याएं सुनी एवं समस्याओं को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, साथ ही गांव के कोटवार एवं युवाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी द्व इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरविंद भगत, जनपद सदस्य मोनिका अरविंद भगत,नकटी खार सरपंच रूपा तिर्की , उपसरपंच सुशीला उनराव, युवा नेता द्वारिका उनराव विपिन बैक, फुल साहू, पूर्व सरपंच नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में गांव के महिला एवं पुरुष मौजूद रहे द्व विधायक ननकीराम कंवर ने सभी को आश्वासन दिया के क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव वे प्रयासरत करेंगे ,जिससे कि जल्द से जल्द यहां के समस्याओं को दूर किया जा सके।

## छत्तीसगढ मिडिया एशोसिएशन ने किया पत्रकार सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन

- संवाददाता -
तिल्दा-नेवरा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



प्रेम व सौहार्द्र के प्रतीक हिन्दू संस्कृति के महापर्व होली के अवसर पर छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के तत्वाधान में होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिला के तिल्दा नेवरा नगर में यह समारोह आयोजित किया गया था।नगर के विश्राम गृह के सामने स्कूल परिसर में यह आयोजन किया गया । छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह में पत्रकार गणों के अलावा जनप्रतिनिधि, समाज सेवक शरीक हुए। आगंतुक पत्रकार गणों जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक गणों को सात्विक भोजन के साथ मुंह मीठा कराया गया । इस समारोह में पत्रकार गण एवं उपस्थित जनसमुदाय डीजे के धुन थिरकते हुए , एक दुसरे को गुलाल लगाकर गले मिले वहीं छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन ने पत्रकारों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवकों , जनसमुदाय को शाल भेंट कर सम्मानित किया । इस अवसर पर मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत जिला महासचिव ज्योतिष साहू,जिला सचिव चंद्रशेखर यदू , विधानसभा मिडिया प्रभारी अजय नेताम विधानसभा बलौदा बाजार महासचिव राजू पाल ,ब्लाक उपाध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल , ब्लाक महासचिव सौरभ सिंह यादव, ब्लाक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, ब्लाक सचिव ज्योती पाल, अविनाश वाधवा, सिमगा ब्लाक प्रभारी थानेश्वर साहू , दिलीप वर्मा,लोकेश पटेल, रोहित वर्मा के अलावा नितिन जायसवाल, प्रेम बंजारे ,शिव वर्मा ,राजेन्द्र साहू वहीं भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू , महामंत्री सौरभ जैन ,नगर पालिका परिषद तिल्दा -नेवरा के एल्डर मेंन स्वेजा परविन ,कांग्रेसी नेता अमजद खान ,किसान? कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष पवन बघेल , संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ,शिव बंजारे , अरविंद बंजारे , सहित अन्य पत्रकार गण, क्षेत्रिय गण शरीक हुए । वहीं ब्यस्तता के चलते समारोह में शरीक होने में असमर्थ जनप्रतिनिधि , पत्रकारो ने फोन के माध्यम से बधाई दिया है ।

## कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन द्वारा 18 मार्च को आयोजित प्रांतीय धरना को लेकर आज की जाएगी बैठक




- संवाददाता -
कोरबा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कार्यरत लगभग तीन लाख कर्मचारी अधिकारियों के लंबित 04 सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में 18 मार्च को आयोजित प्रांतीय एक दिवसीय धरना के सफल आयोजन के सम्बन्ध मे छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई कोरबा का तैयारी बैठक 13 मार्च सोमवार को 4ऱ00 बजे घंटाघर स्थित शिक्षक सदन कोरबा मे आहूत किया गया है द्व उक्त बैठक मे प्रमुख चार सूत्रीय मांग -विभिन्न संवर्गों का वेतन विसंगति, पिंगुवा कमेटी की सिफारिश सौपी जाने,05त्नलंबित मंहगाई भत्ता एवं कर्मचारियों का लंबित चार स्तरीय वेतनमान, धरना की तैयारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पर रणनीतिक चर्चा की जाएगी। फ़ेडरेशन के संयोजक के आर डहरिया,जगदीश खरे,महामंत्री तरुण सिंह राठौर, प्रवक्ता ओमप्रकाश बघेल द्वारा जिले के कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के अनुसांगिक एवं घटक संगठन के सभी पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थिति होने अपील की गई है।

## सोमनाथ राज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन व महिला सम्मेलन सम्पन्न

- सौरभ यादव -
तिल्दा-नेवरा,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बीते शनिवार को छ ग झेरिया यादव समाज पं. क्र. 5066 से सम्बद्ध इकाई सोमनाथ राज जिला रायपुर का एक दिवसीय अधिवेशन व महिला सम्मेलन शनिवार 11 मार्च को खारुन शिवनाथ संगम स्थल राधाकृष्ण मंदिर सोमनाथ धाम लखना में बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ सबसे पहले सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ प्रारंभ में ग्राम बिलाड़ी तिल्दा से हमारे समाज के छोटे छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें अतिथियों के लिए स्वागत गीत बाद में एक से एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया आज के अधिवेशन में उपस्थित अतिथियों ने मुखारबिंद से हमारे समाज मे एकता और संगठन और विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने के लिए उपस्थित स्वजातीय बन्धुओं से आग्रह किया गया क्योंकि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है उसी प्रकार राजनीतिक क्षेत्र में समाज का प्रतिनिधित्व हो उसके लिए हमारे समाज में एकता व संगठन भी जरूरी है,सोमनाथ राज के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि हमारे झेरिया यादव समाज के प्रांताध्यक्ष सम्माननीय श्री ज ग नि क यादव,अतिविशिष्ट अतिथि के लिए श्री गणेश गौसेवक संरक्षक छ ग झेरिया यादव समाज,श्रीमती आशा संतोष यादव प्रदेशाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ), क्षेत्र के जनपद सदस्य श्री शत्रुहन यदु,विशिष्ट अतिथियों में सरपंच ग्राम पंचायत लखना श्रीमती श्यामा बालाराम साहू रायपुर महानगर से अध्यक्ष श्री सुंदर यादव व प्रीतम यादव बेमेतरा जिला से युवा अध्यक्ष श्री पुरषोत्तम यादव,ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव बेरला नगर पंचायत के पार्षद श्री प्रमोद गौसेवक, हमारे सोमनाथ राज के नजदीकी परिक्षेत्र के पदाधिकारी रहे पथरीगढ़ परिक्षेत्र से संरक्षक श्री चैतराम यादव,अध्यक्ष श्री रामलाल यादव,सचिव श्री अनुज यादव व मिलन यादव,तिलक,यादव,धनशाय यादव, खरोरा परिक्षेत्र से अध्यक्ष रामानंद यादव, सचिव भोलाराम यादव,रायपुर जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद यादव बेरला परिक्षेत्र से अध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र यादव,रांका राज से अध्यक्ष श्री सुंदर लाल यादव,के साथ साथ हमारे सोमनाथ राज से अध्यक्ष श्री गौरीशंकर यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राजू यादव, सभापति दिलीप यादव,संरक्षक किशुन यादव, प्रमुख संचालक प्रेम लाल यादव, उपाध्यक्ष धनसिंह यादव, दीनबन्धु यादव, पोषण यादव,लुकप्रसाद यादव, जयराम यादव,माखन यादव,संजय यादव, गंगाराम यादव,मुरली यादव,नन्दू यादव,भुरवायादव,प्रदीप राज के समाज सेवक मनोहर यादव, सुशील यादव और मीडिया प्रभारी प्यारे लाल यादव व छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन महासचिव सौरभ यादव तिल्दा नेवरा एवं सोमनाथ राज के नारी शक्ति व राज के सभी क्षेत्रों से स्वजातीय बन्धुओं की उपस्थिति रही,



## छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सूरजपुर की नवीन जिला कार्यकारणी द्वारा नूतन वर्ष 2023 संघ की वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम

- संवाददाता -
सुरजपुर,12 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आज दिनाक 12.03.2023 दिन रविवार को आदरणीय मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक माननीय खेल साय सिंह जी द्य छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सूरजपुर के संरक्षक एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदरणीय श्री नरेश राजवाड़े जी द्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .आर. एस .सिंह सिविल सर्जन आर, के .त्रिपाठी .छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सवीना मसूरी , जिला सलाहकार व आर पी राजवाड़े ,जिला अध्यक्ष इंद्रसेन विश्वकर्मा ,महामंत्री नरेंद्र ठाकुर प्रांतीय पदाधिकारी अयोध्या जायसवाल एवम प्रांतीय पदाधिकारी तथा जिला ब्लॉक के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष की गरीमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा संघ के मांग पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यालय हेतु भवन देने की घोषणा की गई जिसका संघ सभी अतिथि को धन्यवाद दिया द्य



इस अवसर पर संघ के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक किया गया जिसमे मुख्य समस्याओं जिसमे सीएमएचओ व कलेक्टर महोदया को पुर्व में दिए मांगपत्रों पर की गई कार्रवाई और भविष्य की रणनीति पर चर्चा किया गया वर्तमान में जिला अस्पताल में चिकित्सक के साथ में मारपीट के आरोपियों पर समुचित करवाई हेतु कहा गया वाहन चालकों को शासकीय गाड़ियों का बीमा। होना अनिवार्य रूप से हो इस पर चर्चा किया गया द्य सीआरएमसी प्रोत्साहन राशि वाहन चालक हॉस्पिटल के सभी स्टाफ को अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए पर चर्चा किया गया नेत्र सहायक अधिकारी को आयुष्मान प्रोत्साहन राशि का गाइडलाइन के अनुसार 15प्रतिशत का राशि मिले। सूरजपुर जिले के समस्त कर्मचारियों के परिजनों को जिला अस्पताल में निशुल्क जांच व उपचार का व्यवस्था नही दी जा रही रही है जबकि शासन द्वारा कर्मचारों के परिजनों को निशुल्क इलाज की पात्रता है। इस पर चर्चा किया गया । इस अवसर पर जिला अस्पताल के अध्यक्ष सुश्री दीप्ति निशा खाखा। चतुर्थ वर्ग जिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देश राज गर्ग नेत्र सहायक अधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश राजवाड़े ब्लॉक सूरजपुर के अध्यक्ष दिनेश राजवाड़े । प्रतापपुर ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रेष्ठ ब्लाक ओडगी के अध्यक्ष हेम मिश्रा श्रीनगर के अध्यक्ष राबर्ट लकड़ा सर श्याम राजवाड़े अमित चौरसिया मनीष दीपक साहू जी एवम समस्त कर्मचारियों अधिकारी उपस्थित रहे।


### // नाम परिवर्तन //

मैं चाँदी राम अग्रवाल आ. स्व. ओम प्रकाश अग्रवाल आयु लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम शिवनन्दनपुर थाना विश्रामपुर जिला- सूरजपुर छ.ग. का निम्नांकित शपथपूर्वक कथन करता हूँ-

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि भारत सरकार द्वारा जारी मेरे स्वयं के पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम लिपिकीय त्रुटिवश रश्मि गर्ग अंकित हो गया है जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक नाम रश्मि अग्रवाल है । जो रश्मि अग्रवाल के आधार कार्ड में भी अंकित है ।

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि रश्मि गर्ग व रश्मि अग्रवाल एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरी पत्नी का ही नाम है, जिसे सुधार कर रश्मि गर्ग के स्थान पर सही व वास्तविक नाम रश्मि अग्रवाल अंकित किया जाना न्यायहित में आवश्यक व प्रार्थनीय है।

शपथकर्ता
चाँदी राम अग्रवाल
ग्राम शिवनन्दनपुर थाना विश्रामपुर
जिला- सूरजपुर छ.ग.

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर जिला सरगुजा

रा0प्र0क्र0 / /अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आशा यादव पति दुहन यादव जाति बरगाह, निवासी ग्राम खम्हरिया तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम खम्हरिया, तहसील उदयपुर जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 209/5 रकबा 0.028 हे0 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 03.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा) उदयपुर,सरगुजा

### न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर दिनांक 18/01/2023

प्रति,
समस्त ग्रामवासी,ग्राम कोसंगा
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चम्पा आ0 भीख राम निवासी ग्राम कोसंगा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व0 भीख राम की मृत्यु दिनांक 25 /05/1990 को हो जाने से (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 16/03/2023 को सुनवाई की जानी है।

आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2023 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील
तहसीलदार
लखनपुर,जिला सरगुजा

### न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर दिनांक 15/02/2023

प्रति,
समस्त ग्रामवासी,ग्राम कंचनपुर
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पनमेश्वर आ0 स्वं0 शिवनंदन राम निवासी ग्राम कंचनपुर तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व0 शिवनंदन राम की मृत्यु दिनांक 08 /12/2009 को हो जाने से (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 16/03/2023 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2023 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील
तहसीलदार
लखनपुर,जिला सरगुजा

# फिर चमका विराट कोहली का बल्ला

» कोहली ने तोड़ा टेस्ट शतक का सूखा,

» ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को कमान सौंपी

**अहमदाबाद ,12 मार्च 2023।** विराट कोहली ने रविवार को यहां अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन शानदार शतक जड़कर अपना टेस्ट शतक का सूखा खत्म कर दिया.

चाय के विश्राम के समय, भारत का स्कोर 472/5 था जिसमें कोहली (135)* और अक्षर पटेल (38)* क्रीज पर नाबाद थे। मेजबान टीम अब भी सिर्फ 8 रन पीछे है।

कोहली ने नवंबर 2019 के बाद से अपना पहला टेस्ट शतक जड़कर अपना टेस्ट शतक का सूखा समाप्त कर दिया।

लंच के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और श्रीकर भरत ने हाथ खोले और नियमित अंतराल पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को बाउंड्री के लिए पटक दिया।

कैमरून ग्रीन श्रीकर भरत के एक ओवर में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हो गए। क्रीज पर श्रीकर भरत का धमाकेदार कार्यकाल समाप्त हो गया क्योंकि उन्हें नाथन लियोन ने 44 रन पर आउट कर दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अक्षर पटेल फिर क्रीज पर बल्लेबाजी करने आए।




कोहली ने अपने टेस्ट शतक के सूखे को समाप्त कर दिया क्योंकि उन्होंने नवंबर 2019 के बाद से अपना पहला टेस्ट शतक लगाया। भारत के पूर्व कप्तान ने 241 गेंदों में अपना बहुप्रतीक्षित शतक पूरा किया। यह सबसे प्रतीक्षित टन था क्योंकि उनका आखिरी शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। इस शतक के साथ, उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय शतकों की संख्या 75 कर ली। कोहली ने अपनी धमाकेदार फॉर्म जारी रखी और मिशेल स्टार्क की शानदार दो चौके लगाकर 9 रन जुटाए। कोहली ने पटेल के साथ खेल के 140 ओवरों में भारत के कुल योग को 400 रन के पार पहुंचाया। कोहली और पटेल की जोड़ी ने 50 रन की पार्टनरशिप की - टीम इंडिया के लिए लगातार 6वीं 50 रन की पार्टनरशिप।

भारतीय जोड़ी नाबाद रही क्योंकि दर्शकों ने 472/5 पर सत्र समाप्त किया।

इससे पहले, कोहली और श्रीकर भरत ने चौथे दिन के शुरुआती सत्र में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाया।

रवींद्र जडेजा और विराट कोहली की बल्लेबाजी जोड़ी अपने दृष्टिकोण में निर्णायक थी और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को बेहतरीन बल्लेबाजी परिस्थितियों का आनंद लेने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने चौथे दिन के पहले ही ओवर में कैमरून ग्रीन को आक्रमण पर उतारा और इस गेंदबाज ने सिर्फ 4 रन दिए।

ऑस्ट्रेलिया ने स्पिन के साथ शुरुआत की, नाथन लियोन और टॉड मर्फी ने दोनों छोर से मिलकर गेंदबाजी की।

जडेजा और कोहली की जोड़ी ने खेल के 102वें ओवर में भारत के स्कोर को 300 रन के पार पहुंचाया।

हालाँकि, 64 रन की साझेदारी को मर्फी ने तोड़ा, जिन्होंने जडेजा को 28 रन पर आउट कर दिया। श्रीकर भरत फिर बल्लेबाजी करने आए।

भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार ढंग से स्ट्राइक रोटेट की, और ढीली गेंदों को मारते हुए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमने नहीं दिया।

कोहली और श्रीकर भरत दोनों बल्लेबाजी जोड़ी के आक्रामक थे, जो नियमित रूप से चौके लगाते थे। दोनों ने टीम इंडिया के लिए 50 रन की मजबूत साझेदारी की।



## कंगारूओं के विकेट उड़ाने के मामले में अश्विन ने कुंबले को पीछे छोड़ा

**अहमदाबाद ,12 मार्च 2023।** भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अहमदाबाद टेस्ट में आस्ट्रेलिया के छह विकेट झटक कर हमवतन अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। अश्विन अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं।

दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भी अश्विन कुंबले से आगे निकल गए हैं। वह अब इन दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय बन गए हैं। कुंबले ने 20 मैच की 38 पारियों में 111 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 113 विकेट अपने नाम कर लिए।

आस्ट्रेलिया के 36 वर्षीय स्पिनर टॉड मर्फी को पगबाधा आउट करने के बाद अश्विन कुंबले के 111 विकेट से आगे निकल गए। अश्विन के नाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब 28.1 की औसत से 113 विकेट हो गए हैं, जिसमें उनके नाम सात बार पांच विकेट हैं।

अश्विन ने वैसे अपने टेस्ट करियर में 32वीं बार एक पारी में पांच विकेट अपने नाम किए। वह सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। इस मामले में अनिल कुंबले उनसे आगे हैं, जिन्होंने 35 बार यह करिश्मा किया है। अश्विन ने भारतीय जमीन पर 26वीं बार एक पारी में पांच विकेट झटके। इसके साथ ही वह भारत में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए। इस मामले में भी उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे थोड़ा, जिन्होंने भारतीय जमीन पर 25 बार पारी में पांच विकेट झटके हैं।

अहमदाबाद की खराब सतह पर अश्विन भारत के गेंदबाजों में से एक थे। उन्होंने उस पिच पर छह विकेट चटकाए जहां भारत के लिए इसके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रयास तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम है। शमी ने 134 रन देकर दो विकेट लिए थे। पहली पारी में अपने 47.2 ओवरों के दौरान ऑफ स्पिनर ने बहुत अधिक विविधताएं नहीं आजमाईं। इसके बजाय, उन्होंने अपनी संभलकर गेंदबाजी और क्रिकेट के पहले दो दिनों में अनुशासनात्मक गेंदबाजी की। यह उनकी 1.92 की इकॉनमी दर में दिखा, जो भारत के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ था।

उनके विकटों में सेंचुरियन कैमरन ग्रीन का भी विकेट था, जो करियर की सर्वश्रेष्ठ 114 रन बनाने के बाद आउट हो गए। आस्ट्रेलिया के पुछल्ले बल्लेबाज नाथन लियोन (34) और टॉड मर्फी (41) ने अपनी टीम के स्कोर को बड़ा करने में अहम योगदान दिया। ये दोनों खिलाडी भी अश्विन का शिकार बने ।



## स्वीयाटेक ने क्लेयर लियू को ओपनिंग मुकाबले में हराया

**इंडियन वेल्स ,12 मार्च 2023।** गत चैंपियन इगा स्वीयाटेक ने अमेरिका की क्लेयर लियू को एकतरफा अंदाज में 6-0, 6-1 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ने मैच के पहले 11 गेम लगातार जीते और एक घंटे से कुछ अधिक समय में मैच समाप्त किया। इस सत्र में यह पांचवां मौका है जब उन्होंने एक मैच में सिर्फ एक गेम गंवाया है।

शनिवार की इस जीत के साथ स्वीयाटेक ने 2023 सत्र में अपना रिकॉर्ड 13-3 कर लिया है। दिलचस्प बात है कि उनकी सभी 13 जीत लगातार सेटों में आई हैं। शीर्ष वरीय स्वीयाटेक का अगला मुकाबला 2019 की यूएस ओपन चैंपियन बियांका आंद्रेसेस्कू से होगा जो इंडियन वेल्स की पूर्व चैंपियन हैं।अन्य मुकाबलों में ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट एलेना रिबाकिना ने सोफिया केनिन को 7-6(6), 7-6(5) से हराकर तीसरे दौर में जगह बनायी। ट्यूनीशिया की ओंस जाबौर ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पोलैंड की मैगडालेना फ्रेच को 4-6, 6-4, 6-1 से हराया।

## इंडिया ऑस्ट्रेलिया के बीच ओडीआई सीरीज में श्रेयस अय्यर के खेलने पर संदेह

**अहमदाबाद ,12 मार्च 2023।** भारतीय टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का खिलाड़ियों की चोट का प्रबंधन एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया जब श्रेयस अय्यर की कमर की चोट दोबारा उभर आई। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। संभावना है कि अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 मार्च से मुंबई में शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएं।



इस साल विश्व कप सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और अय्यर को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी भी करनी है। ऐसे में उन्हें आराम दिए जाने की संभावना है। कमर में तकलीफ के कारण अय्यर नागपुर में श्रृंखला के पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जिसके बाद उन्होंने दिल्ली में दूसरे मैच के लिए टीम में वापसी की थी। हालांकि अब सवाल यह उठ रहा है कि एनसीए ने एक बार फिर ऐसे खिलाड़ी को खेलने की स्वीकृति दी जो पूरी तरह से फिट नहीं था। पता चला है कि अय्यर ने शनिवार को असहज महसूस किया जिसके बाद रविंद्र जडेजा को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। रविवार को अय्यर मैदान पर भी नहीं आए क्योंकि वह बल्लेबाजी करने की स्थिति में नहीं थे। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान लगभग 170 ओवर क्षेत्ररक्षण करने के कारण यह चोट के उभरने का मामला हो सकता है। लेकिन मुझे समझ नहीं आता कि कम से कम एक घरेलू मैच खेलने के अनिवार्य नियम को अय्यर पर लागू क्यों नहीं किया गया।'' अय्यर नागपुर टेस्ट में नहीं खेल पाए थे लेकिन दूसरे टेस्ट के लिए फिट घोषित किया गया था। वह दिल्ली और इंदौर दोनों टेस्ट में खेले लेकिन उनका शरीर अहमदाबाद में लंबे समय तक क्षेत्ररक्षण करने को नहीं झेल पाया।

अय्यर को जब जनवरी में पहली बार कमर की तकलीफ का सामना करना पड़ा था तो वह एक महीने के लिए बाहर रहे थे और एनसीए में कड़े रिहैबिलिटेशन से गुजरे थे और उन्हें फिट घोषित किया गया तो रणजी सत्र खत्म हो चुका था। पूर्व चयनकर्ता ने कहा, ''लेकिन ईरानी कप होना था और आप अय्यर की वापसी के लिए इंतजार कर सकते थे। इसी तरह के मौसम में उसे ईरानी कम में खेलने देते और देखते किउसका शरीर उमस भरे हालात में दो दिन क्षेत्ररक्षण करने कोझेल पाता है या नहीं।

## गुजरात टाइटन्स-चेन्नई सुपरकिंग्स मैच के टिकट उपलब्ध होना शुरू

**अहमदाबाद ,12 मार्च 2023।** अहमदाबाद में 31 मार्च को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले जाने वाले टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आई पी ए ल ) 2023 के उदघाटन मैच के टिकटों की बिक्री शुरू हो गयी है। गत विजेता गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर सात मैच खेलेगी। गुजरात टाइटन्स ने टाटा आईपीएल 2023 के लिए आधिकारिक टिकट पार्टनर के रूप में पेटीएम के साथ करार किया है। सभी घरेलू मैचों के टिकट 'टाइटन्स फैमिली' ऐप (प्लेस्टोर और ऐप स्टोर पर उपलब्ध) है। इसके अलावा गुजरात टाइटन्स की आधिकारिक वेबसाइट, पेटीएम और पेटीएम पर भी टिकटों की बिक्री की जा रही है। टिकटों की बिक्री और टिकट वाउचरों को भुनाने की सुविधा के लिए पूरे गुजरात में पिक-अप स्थान भी होंगे। इसके अलावा, ग्राहक मामूली कीमत पर अपने टिकट के लिए होम डिलीवरी सेवा का भी लाभ उठा सकते हैं। प्रशंसक अपने वाहनों (कार और दोपहिया वाहनों) के लिए पार्किंग की जगह भी बुक कर सकते हैं।




## अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 2 के लिए मांगे 150 करोड़ रुपये

अल्लू अर्जुन के लिए फिल्म पुष्पा मील का पत्थर साबित हुई है। इस पैन इंडिया फिल्म में काम कर वह देशभर में मशहूर हो गए। हालांकि, लोकप्रिय तो अल्लू पहले भी थे, लेकिन पुष्पा ने उनकी लोकप्रियता को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। यही वजह है कि अब इसके दूसरे भाग यानी पुष्पा- द रूल के लिए अल्लू निर्माताओं से मोटी रकम ले रहे हैं।

पुष्पा की सफलता के बाद अल्लू पैन इंडिया स्टार बन गए हैं और पैन इंडिया फिल्मों की बढ़ती लोकप्रियता के चलते अल्लू ने अपनी फीस में इजाफा कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुष्पा- द रूल के लिए अल्लू 125 करोड़ रुपये ले रहे हैं। हालांकि, उन्होंने फिल्म के लिए 150 करोड़ रुपये की मांग की थी। अल्लू को पूरा यकीन है कि उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाहुबली 2 और केजीएफ- 2 के रिकॉर्ड तोड़ देगी।




पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। इसके गानों से लेकर कलाकारों का अभिनय तक दर्शकों को पसंद आया था। फिल्म के जरिए पहली बार अल्लू-और रश्मिका मंदाना की जोड़ी दिखाई दी थी। सामंथा रुथ प्रभु ने इसमें आइटम नंबर किया था। फिल्म की कहानी चंदन लकड़ियों की तस्करी पर आधारित है। 250 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 373 करोड़ रुपये कमाए थे। पुष्पा पिछले साल 17 दिसंबर को रिलीज हुई थी। अल्लू जल्द ही निर्माता भूषण कुमार की अगली पैन इंडिया फिल्म में नजर आएंगे। कुछ ही दिन पहले इस फिल्म की घोषणा हुई। टी-सीरीज ने ट्विटर पर इसका ऐलान किया। पोस्ट में लिखा गया, भारतीय सिनेमा जगत के तीन दिग्गज पावरहाउस निर्माता भूषण कुमार, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और सुपरस्टार अल्लू के सहयोग से बनने जा रही फिल्म के लिए कमर कस लें। भूषण, संदीप और अल्लू ने हाल ही में इसे आधिकारिक रूप देने के लिए मुलाकात की।

## 22 साल में बेहद ही हॉट दिखने लगीं एक्ट्रेस पलक तिवारी



टीवी इंडस्ट्री की नामचीन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी ग्लैमरस दुनिया में आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वहीं, एक्ट्रेस पलक तिवारी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा बिखेर रही हैं। 22 साल की उम्र में उनकी हॉट बेहद ही कम समय में इस मुकाम को हासिल करने वाली पलक तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं। अपनी हॉटनेस से कहर बरपाने वाली पलक तिवारी स्ट्रैपलेस गाउन में नजर आ रही हैं। डीपनेक आउटफिट में पलक तिवारी अपनी क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं, उनकी क्लीवेज पर फैंस की निगाहें टिकी हैं। एक्ट्रेस अपनी अदाओं और अदाएगी से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर धमाल मचाती हैं। पलक फिल्म रोजी- द सैफ्रॉन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज और मनमोहक स्माइल से सभी का दिल घायल कर देती हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी करियर के शुरुआत से ही फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं, वहीं, उनकी ग्लैमरस लुक फैंस को काफी भा रहा है। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3.5 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

## फिल्म 16 अगस्त 1947 की रिलीज तारीख का ऐलान,7 अप्रैल को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




दक्षिण भारत के ख्यातनाम निर्माता निर्देशकों में शुमार ए.आर. मुरुगादास ने अपनी अगली फिल्म अगस्त 16, 1947 का आधिकारिक पोस्टर जारी करते हुए इसके प्रदर्शन तिथि की घोषणा कर दी है। हिन्दी फिल्म उद्योग को गजनी, हॉली डे सरीखी फिल्में देने वाले निर्देशक मुरुगादास लम्बे समय से इस फिल्म पर काम कर रहे थे।

16 अगस्त, 1947 के निर्माताओं ने फिल्म के एक नए पोस्टर का अनावरण किया है और यह भी घोषणा की है कि इसे 7 अप्रैल को दुनिया भर में प्रदर्शित किया जाएगा। पोस्टर फिल्म की देशभक्ति की भावना को दर्शाता नजर आ रहा है। यह मुख्य कलाकारों को प्रदर्शित करता है और एक दिलचस्प ड्रामा होने का वादा करता है। यह फिल्म एक गांव में स्थापित है जहां एक बहादुर व्यक्ति भारतीय स्वतंत्रता के दौरान प्यार की खातिर ब्रिटिश सेना से लड़ता है।

मुरुगादॉस ने पोस्टर शेयर करते हुए ट्वीट किया, रोमांचक खबर! मेरी अगली प्रोडक्शन फिल्म 1947, 16 अगस्त अप्रैल 7 को दुनिया भर में बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। साहस, प्यार और आशा के समय में वापस यात्रा करने के लिए तैयार हो जाइए!

इस फिल्म का निर्माण ए.आर. मुरुगादास के साथ ओम प्रकाश भट्ट, नरसीराम चौधरी और आदित्य जोशी ने मिलकर किया है। फिल्म का निर्देशन एनएस पोनकुमार ने किया है। फिल्म में गौतम कार्तिक, रेवती, पुगाज मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 16 अगस्त, 1947 को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी, मलयालम और अंग्रेजी भाषाओं में प्रदर्शित किया जाएगा।













CMYK

# ऑनलाइन शिकायतों के लिए सीएम ने लांच किया मोबाइल एप्प

» महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी

» राज्य सरकार नई-नई रोजगार मूलक योजनाएं कर रही है लागू

**रायपुर,12 मार्च 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं राज्यगीत के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल का स्वागत राजकीय गमछे और औषधीय महत्व वाले सीता अशोक के पौधे से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला आयोग की स्मारिका एवं ऑनलाइन शिकायतों के लिए बनाए गए मोबाइल एप ÷छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग÷ लॉन्च किया। इस



मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को महिलाओं को अधिकार सम्पन्न, सुरक्षित, सशक्त बनाने की शपथ दिलायी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे लोगों की कार्यकुशलता इस कार्यशाला से और अधिक निखरेगी। साथ ही बेहतर तालमेल और सहयोग से लक्ष्यों को और अधिक तेजी से हासिल किया जा सकेगा। इस कार्यशाला में जो मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जाएंगे, वे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएंगे। मानव तस्करी, साइबर अपराध और कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न जैसे अत्यंत संवेदनशील विषयों पर यह कार्यशाला केंद्रित है। मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि आज हो रहे अपराधों के पीछे गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता है। मानव तस्करी को रोकने में आर्थिक शैक्षणिक रूप से सरकार काम कर रही है, पुलिस अधिकारियों की सजगता से मानव तस्करी में बड़ी गिरावट आई है, लेकिन इतना काफी नहीं है, मानव तस्करी होना ही नहीं चाहिए। साइबर क्राइम भी बढ़ रहा है, हमारे छत्तीसगढ़ में भोले-भाले लोग हैं, इसलिए जरूरी है कि इन्हें जागरूक किया जाए, हमारी सरकार इस दिशा में भी काम कर रही है। महिलाओं के लिए आर्थिक स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए हमने छोटी-छोटी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी संचालन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है। इसके लिए सरकार नई-नई योजनाएं लागू कर रही है। कोरोना काल में लोगों को राहत देने के लिए चावल वितरण के साथ मनरेगा के कार्य प्रारंभ किए गए। लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम करने समूह के माध्यम से कार्ययोजना बनाई गई है। आज महिलाएं गौठानों में वर्मी कंपोस्ट,पेंट बनाने और साग सब्जी का उत्पादन कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो रही है। इसी तरह ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने रीपा की स्थापना की जा रही है। इससे पारंपरिक कार्यों के साथ नए कार्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा। समाज को आगे और आधुनिक समय के साथ कदम से कदम मिला कर चलने के लिए विधिक जानकारी जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान ने हमें अधिकार सम्पन्न बनाया है, शासन की कल्याणकारी योजनाएं हमारे लिए हैं, सभी को अपने अधिकार और दायित्वों की जानकारी हो यह जरूरी है, इसलिए राज्य महिला आयोग द्वारा मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ का संचालन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ के माध्यम से लोगो को ऑन द स्पॉट नियमो की जानकारी के साथ न्याय भी दिलाया गया। महिला आयोग की कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है,जिससे प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जा सके।लोगो को जागरूक करने करने के लिए शॉर्ट फिल्मों के अतरिक्त विषय विशेषज्ञों के माध्यम से संभागस्तरीय प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।




## आंगनबाड़ी में वैक्सीनेशन के बाद मासूम की मौत पर बवाल

**बिलासपुर,12मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में टीका लगने के बाद बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। दरअसल महिना अपने दो माह के बच्चे को वैक्सीनेशन के लिए आंगनबाड़ी लेकर गई। यहां अलग अलग तीन टीके लगे। घर आने के बाद शाम को अचानक तबीत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजन मासूम के शव को लेकर थाने पहुंचे और आंगनबाड़ी में गलत टीका लगाने की शिकायत की। फिलहाल मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

घटना बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। ग्राम गतौरा निवासी राजू केंवट व उसकी पत्नी सहित गांव के कुछ लोग थाने पहुंचे। महिला की गोद में उसके बच्चे का शव था। महिला ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे प्रियांशु को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में टीका लगाने ले गए थे। शुक्रवार को गांव की आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य विभाग के लोग टीका लगाने के लिए आए थे। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रियांशु को भी तीन टीके लगाए। टीका लगने के बाद सब ठीक था लेकिन शाम को बच्चे की तबीयत बिगड़ी और देर रात उसकी मौत हो गई।

महिला ने बताया कि उसके बच्चे को स्वास्थ्य कर्मियों ने गलत टीका लगा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। नाराज परिजनों इस मामले की जांच की मांग की गई। मस्तूरी पुलिस ने बताया कि इस मामले में जांच शुरू की गई। बच्चे का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा और उसके अनुसार जांच आगे बढ़ाई जाएगी। इधर स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि बच्चे को सही टीका लगाया गया। टीका गलत होने पर 45 मिनट में इसका असर दिख जाता है।




## बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात 77 जवानों को मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

» पहली बार दो महिला कांस्टेबल को मिला प्रमोशन

» होली पर डीजीपी ने डीआरजी और सीएएफके जवानों को दिया तोहफा

**रायपुर,12 मार्च 2023 (ए)।** होली के मौके पर बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में तैनात 77 जवानों को डीजीपी अशोक जुनेजा ने प्रमोशन का तोहफा दिया है। इनमें बीजापुर में तैनात सबसे अधिक 21 जवानों को एवं दंतेश्वरी फाईटर से संबंधित 2 महिला कांस्टेबल रेशमा कश्यप, सुनैना ठाकुर को प्रमोशन दिया गया है, ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में जवानों को आउट ऑफटर्न प्रमोशन मिला है। पदोन्नत होने वाले जवानों में डीआरजी, सीएएफ के जवान शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन किए जा रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा डीआरजी, सीएएफ बल में महिलाओं की भूमिका को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसी क्रम में 2 महिला कांस्टेबल को पहली बार प्रमोशन दिया गया है। गौरतलब है कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले के थानों में पदस्थ इन जवानों ने मुठभेड़ में शामिल रहकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इन जवानों ने मुठभेड़ के दौरान कई खूंखार हार्डकोर नक्सलियों को ढेर भी किया है, अपनी ड्यूटी अच्छी तरह निभाने के उपहार स्वरूप जवानों को प्रमोशन का तोहफा मिला है।

## सीएम भूपेश बघेल ने की बड़ी घोषणाएं

» बहादुर कलारिन की जयंती पर एच्छिक अवकाश का होगा प्रावधान

» महुआ बोर्ड की भी होगी स्थापना

**रायपुर,12 मार्च 2023(ए)।** उद्योग व्यापार में कलार समाज को कोई नकार नहीं सकता है, लेकिन बिना शिक्षा के कोई भी समाज हो आगे नहीं बढ़ सकता है। प्रत्येक समाज के लिए शिक्षा जरूरी है और जिसने भी शिक्षा से नाता तोड़ा है वो समाज पिछड़ गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ कलार महासभा के द्वारा रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कलार महासम्मेलन में कहीं।

### दो बड़ी घोषणाएं

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महुआ बोर्ड की स्थापना की जाएगी। कलार समाज की पूजनीय माता बहादुर कलारिन के महिला सशक्तीकरण के योगदान को अतुलनीय करार देते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी जयंती पर एच्छिक अवकाश का प्रावधान किए जाने की घोषणा की है।




### व्यक्ति है प्रत्येक समाज की इकाई

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रत्येक समाज की इकाई व्यक्ति होता है और राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में व्यक्ति को ही केंद्र में रखकर योजनाएं शुरू की हैं ताकि हर समाज के लोग लाभांवित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो यदि योजनाओं का लाभ लोगों को न मिले, लोग बीमार रहें तो मजबूत छत्तीसगढ़ की कल्पना कभी नहीं हो सकती है इसीलिए समाज के अंतिम व्यक्ति की जेब में भी पैसा जाए इसका प्रावधान छत्तीसगढ़ शासन ने किया है ताकि प्रदेश की प्रगति निरंतर होती रहे ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग समाज के लोग मिलजुल कर रहते हैं, जाति वैमनस्यता की यहां कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों का सामाजित ताना-बाना बेहद मजबूत है और इससे छत्तीसगढ़ को मजबूती मिलती है।

### शिक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च


कलार महासम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर पिछले चार वर्षों में काफी बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुले हैं और नक्सल क्षेत्रों में लंबे समय से बंद पड़े स्कूलों को भी खोला गया है। छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है और इसीलिए शिक्षा पर 17 हजार करोड़ रूपए खर्च किए जाने का प्रावधान बजट में रखा गया है। युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए आधुनिक मांग के आधार पर आईटीआई कालेजों मे नए ट्रेड खोले जा रहे हैं ताकि समय की मांग के अनुसार युवा प्रशिक्षित हो सकें।

कलार महासम्मेलन के आयोजन अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक मोहन मरकाम, विधायक विनय जायसवाल, विधायक संगीता सिन्हा, रायपुर महापौर ऐजाज ढेबर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, कलार महासभा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक सिन्हा, कलार महासम्मेलन संयोजक समिति के अध्यक्ष राजा जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारी तथा कलार समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में ग्रामीण परिवारों का होगा सामाजिक-आर्थिक सर्वे

» मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को दिया निर्देश

**रायपुर ,12 मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक सर्वे होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य सचिव को पंचायत एवं ग्रामीण विकास



विभाग द्वारा तत्काल सर्वे की तैयारी तत्काल प्रारंभ कराने को कहा है।

सर्वे हेतु कार्ययोजना 20 मार्च 2023 तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सर्वे दलों के गठन, आवश्यक प्रशिक्षण, सर्वे में शामिल हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम, सर्वे प्रपत्र का प्रारूप तथा सर्वे के दौरान प्राप्त जानकारी, फोटोग्राफ्स ऑनलाइन अपलोड करने की तैयारी के लिए कहा है।

पिछले 12 वर्षों की अवधि में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण परिवारों के आर्थिक-सामाजिक जीवन में हुए प्रभावों की जानकारी एकत्र की जाएगी।

भावी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में सहायता मिलेगी। चिन्हित पात्र परिवारों को लाभान्वित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में वर्ष 2011 से देश में जनगणना नहीं होने का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ में सर्वे कराने की घोषणा की थी।

## मोर आवास,मोर अधिकार' को लेकर 15 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी भाजपा

**रायपुर ,12 मार्च 2023 (ए)।** राजधानी में मोर आवास, मोर अधिकार' के मुद्दे को लेकर भाजपा 15 मार्च को बड़े पैमाने में विधानसभा का घेराव करेगी. भाजपा का आरोप है कि, भूपेश सरकार ने 'मोर आवास, मोर अधिकार' के तहत बनने वाले मकानों का निर्माण रोक कर रखा है. केंद्र सरकार ने आवास के लिए पैसा तो भेजा, लेकिन राज्य सरकार ने वह पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचने दिया. भाजपा सरकार बनी तो 16 लाख गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराया जाएगा।

भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने घेराव को लेकर कहा कि, मोर आवास, मोर अधिकार का पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचा है. गरीबों के साथ छल किया और 16 लाख छत्तीसगढ़ के परिवारों को आवास नहीं मिला है. भारतीय जनता पार्टी ग्राम पंचायत से लेकर विधानसभा तक का घेराव का करेगी ।

## बागेश्वर धाम वाले बाबा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी

» धर्म सेना के लोगों ने किया विरोध,युवक गिरफ्तार

**रायपुर ,12 मार्च 2023 (ए)।** सोशल मीडिया पर बागेश्वर धाम वाले बाबा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मामला नेवरा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, कुछ दिनों पूर्व सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तिल्दा-नेवरा निवासी युवक निखिल मांडले ने बागेश्वर धाम वाले बाबा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ धर्म सेना के लोगों ने थाना में शिकायत दर्ज कराई और सैकड़ों की संख्या में धर्म सेना के लोग थाना पहुंचकर अपना विरोध जताया। इसके बाद नेवरा थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ तत्काल प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर निखिल मांडले को



नेवरा थाना लाया गया। साथ ही युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि आज सुबह भी धर्म सेना के लोगों ने अपना विरोध जताया और एसडीएम कार्यालय जाकर जमकर नारेबाजी की। यहां पर भी थाना प्रभारी ने सभी को समझाइश दी कि युवक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर रात में ही हिरासत में लिया गया है। साथ ही आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें कि युवक निखिल मांडले कांग्रेस पार्टी से संबंध रखता है।

थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव ने कहा कि, कानून से बड़ा कोई नहीं है। अगर इस तरह की धार्मिक भावनाओं के बारे में किसी को भी ठेस पहुंचाई गई तो चाहे वह किसी भी पार्टी का हो उसके खिलाफ में तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि शहर में शांति के लिए त्वरित कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म जाति या किसी भी राजनीतिक दल के लोगों की ओर से इस तरह की किसी के भी भावनाओं को ठेस पहुंचाना या टिप्पणी नहीं करना चाहिए। वहीं युवक के खिलाफ ठोस और त्वरित कार्रवाई के बाद धर्म सेना के युवक शांत हुए।

## माओवादियों की कायराना हरकत आई सामने

» होली की छुट्टियां मनाने छात्र आया था घर,उतारा मौत के घाट

**गढ़चिरौली ,12 मार्च 2023 (ए)।** माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक बार फिर एक छात्र को मौत के घाट उतार दिया। मामला छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर का है। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने मुखबिरी के शक में युवक का अपहरण किया और फिर उसकी हत्या कर उसके शव को गांव के पास फेंक दिया।

मृतक युवक का नाम साईनाथ है जो कि नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली के मर्दूहूर का रहने



वाला था। लेकिन पिछले कई सालों से गढ़चिरौली में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मृतक होली मनाने कुछ दिनों के लिए अपने घर आया था। गुरुवार को वह किसी काम से बाहर जा रहा था। उसी दौरान जंगल में आधा दर्जन माओवादियों ने उसका अपहरण कर लिया और मुखबिरी के आरोप में उसे गोली मार दी। हत्या के बाद उसका शव गांव के नजदीक फेंक दिया। शुक्रवार को ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जांबाज पुलिस जवान के प्रयास से टली बड़ी दुर्घटना

» सिलेंडर से निकल रही थी आग की लपटें

**बिलासपुर ,12 मार्च 2023 (ए)।** गैस सिलेंडर में आग लगने की वजह से कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। गर्मियों में इसके मामले काफी तेजी से बढ़ जाते हैं। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ बल्कि कई घरों में तबाही मच जाती है। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ में देखने को मिला जिसे वक्त रहते संभाल लिया गया वरना किसी बड़ी अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

ये अनहोनी से रोका पुलिस के एक जवान ने।



दरअसल पूरा मामला बिलासपुर जिला का है। यहां एक ग्रामीण के घर गैस सिलेंडर में आग लग गई जो काफी तेजी से फैलती ही जा रही थी। अगर सिलेंडर ब्लास्ट हो जाता तो आस-पास के घरों को नुक्सान हो सकता था। घर से लगातार धुआं निकल रहा था तभी चकरभाठा थाना के पुलिस जवान ने जांबाजी के साथ सिलेंडर को कपडे से पकड़ा और सावधानी बरतते हुए उसे बाहर ले जा कर रख दिया।

प्रधान आरक्षक आतिश पारीक की सूझ-बुझ से बड़ी अनहोनी होते-होते रह गई। इस दौरान उनके साथ आरक्षक योगेंद्र खुटें भी थे। इस वीडियो को बिलासपुर पुलिस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से शेयर किया है। उनके इस काम के लिए लोग सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ कर रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)